दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

दुनिया को बदलने से पहले स्वयं को बदलने का प्रयास कीजिए। आत्म-सुधार ही वह दीपक है, जो व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के जीवन में उजाला भर सकता है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-210 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 24 जून, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## घर की नींवः पत्नी का अनदेखा समर्पण और उसका सम्मान

किसी भी घर की मजबूती केवल उसकी ऊँची दीवारों, सुंदर सजावट या आर्थिक समृद्धि से नहीं मापी जाती। एक घर को वास्तव में घर बनाने वाली शक्ति वह होती है, जो परिवार के हर सदस्य को प्रेम, अपनत्व और जिम्मेदारी के धागे में बाँधकर रखती है। भारतीय परिवार व्यवस्था में यह भूमिका प्रायः पत्नी निभाती है। वह केवल एक गृहिणी, जीवनसंगिनी या बच्चों की माँ भर नहीं होती, बल्कि पूरे परिवार की भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक आधारशिला होती है। विडंबना यह है कि जिस भूमिका पर पूरा परिवार टिका होता है, वही भूमिका अक्सर सबसे अधिक अनदेखी और कम आंकी जाती है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। पत्नी परिवार की वह धुरी है, जिसके चारों ओर घर का सम्पूर्ण जीवन घूमता है। उसकी दिनचर्या का कोई निश्चित समय नहीं होता। सुबह सबसे पहले जागना और रात में सबसे अंत में सोना उसके जीवन का सामान्य हिस्सा है। घर के प्रत्येक सदस्य की आवश्यकताओं का ध्यान रखना, बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की सेवा, रसोई का संचालन, परिवार की जरूरतों का प्रबंधन और घर में सकारात्मक वातावरण बनाए रखना–ये सभी कार्य वह सहज भाव से करती है। आश्चर्य की बात यह है कि इनमें से अधिकांश कार्यों को समाज अक्सर 'सामान्य घरेलू जिम्मेदारी' मानकर उनकी महत्ता को कम कर देता है।

आज के दौर में जब हर कार्य का आर्थिक मूल्य निर्धारित किया जाता है, तब एक पत्नी के योगदान का मूल्यांकन करना लगभग असंभव है। यदि घर के हर कार्य के लिए अलग-अलग कर्मचारी नियुक्त किए जाएँ, तो उनकी लागत हजारों-लाखों रुपये प्रतिमाह हो सकती है। लेकिन पत्नी यह सब बिना किसी वेतन, बिना किसी पदनाम और बिना किसी विशेष प्रशंसा की अपेक्षा के करती रहती है। उसका सबसे बड़ा पुरस्कार परिवार के सदस्यों की खुशी और संतोष होता है। एक पुरुष घर की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बाहर परिश्रम करता है, लेकिन उस आय को व्यवस्थित, संतुलित और सुखद जीवन में बदलने का कार्य प्रायः पत्नी ही करती है। सीमित संसाधनों में भी परिवार की जरूरतों को पूरा करना, बचत करना, बच्चों के भविष्य की चिंता करना और हर परिस्थिति में परिवार को संभालकर रखना उसकी स्वाभाविक क्षमता होती है। यही कारण है कि अनेक परिवार आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद मजबूत बने रहते हैं, क्योंकि उनके पीछे एक समझदार और समर्पित पत्नी का प्रबंधन कार्यरत होता है। पत्नी का योगदान केवल भौतिक या घरेलू कार्यों तक सीमित नहीं होता। वह परिवार की भावनात्मक शक्ति भी होती है। जब पति किसी तनाव, असफलता या कठिनाई से गुजर रहा होता है, तब वही उसे मानसिक संबल प्रदान करती है। जब बच्चे किसी समस्या में होते हैं, तब वही उन्हें धैर्य और आत्मविश्वास देती है। जब परिवार में मतभेद उत्पन्न होते हैं, तब अक्सर वही मध्यस्थ बनकर संबंधों को टूटने से बचाती है। इस प्रकार वह केवल घर का संचालन नहीं करती, बल्कि रिश्तों को भी जीवित रखती है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी समाज की स्थिरता और प्रगति का आधार मजबूत परिवार होते हैं और मजबूत परिवारों की आधारशिला प्रायः महिलाएँ होती हैं। यदि परिवार की इस धुरी को सम्मान, सहयोग और समान भागीदारी नहीं मिलेगी, तो सामाजिक संतुलन भी प्रभावित होगा। इसलिए पत्नी के योगदान को केवल भावनात्मक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टि से भी समझना आवश्यक है। यह भी सत्य है कि आधुनिक समय में महिलाएँ केवल घर तक सीमित नहीं हैं। वे शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, व्यवसाय और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इसके बावजूद घर और परिवार की जिम्मेदारियाँ भी प्रायः उन्हीं के कंधों पर रहती हैं। ऐसे में उनकी भूमिका और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाती है। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि पति और परिवार के अन्य सदस्य भी घरेलू जिम्मेदारियों में भागीदारी निभाएँ और पत्नी को केवल 'कर्तव्य निभाने वाली' नहीं, बल्कि 'समान भागीदार' के रूप में देखें। दुर्भाग्यवश, कई बार परिवार के लोग पत्नी के त्याग और समर्पण को तब समझते हैं, जब वह किसी कारणवश अनुपस्थित होती है या अपनी जिम्मेदारियाँ निभाने में असमर्थ हो जाती है। तब एहसास होता है कि घर के छोटे-छोटे दिखने वाले कार्य वास्तव में कितने महत्वपूर्ण थे। यही कारण है कि हमें उसके योगदान को केवल विशेष अवसरों पर नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में सम्मान देना चाहिए। सम्मान का अर्थ केवल शब्दों में धन्यवाद कहना नहीं है। उसका वास्तविक अर्थ है उसकी भावनाओं को समझना, उसके श्रम की कद्र करना, निर्णयों में उसकी भागीदारी सुनिश्चित करना और घरेलू जिम्मेदारियों को साझा करना। जब परिवार का प्रत्येक सदस्य यह समझने लगेगा कि घर केवल एक व्यक्ति के प्रयासों से नहीं चलता, तब पारिवारिक जीवन अधिक सुखद और संतुलित बनेगा।

**अंततः** यह कहा जा सकता है कि पत्नी किसी भी घर की अदृश्य शक्ति है। उसका प्रेम, त्याग, धैर्य और समर्पण ही परिवार को मजबूती प्रदान करता है। वह केवल एक सदस्य नहीं, बल्कि पूरे परिवार की आत्मा होती है। इसलिए एक सभ्य और संवेदनशील समाज का दायित्व है कि वह पत्नी के इस अनदेखे समर्पण को पहचाने, उसका सम्मान करे और उसे वह स्थान दे जिसकी वह वास्तव में हकदार है। क्योंकि एक सम्मानित और सशक्त पत्नी ही एक सुदृढ़, सुखी और संस्कारित परिवार की सबसे मजबूत नींव होती है।

# शेखावाटी में यमुना का पानी लाने का एमओए जल्दः सीएम

## दिल्ली में समझौता हुआ फाइनल; केंद्रीय मंत्री पाटिल बोले–पाइपलाइन से राजस्थान आएगा पानी

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**जयपुर ।** राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में पाइपलाइन से यमुना का पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट पर समझौते का मसौदा तैयार हो गया है। इसका मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) अगले सप्ताह होगा। इसके बाद इस प्रोजेक्ट का काम आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो जाएगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मिटिंग कर यमुना जल परियोजना से जुड़े एमओए के मुख्य बिंदुओं को अंतिम रूप दिया। बैठक के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- यमुना जल परियोजना का एमओए सोमवार को होगा। यह परियोजना राजस्थान विशेषकर शेखावाटी क्षेत्र के लिए अहम है। यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास तथा लाखों लोगों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। राज्य सरकार केंद्र और हरियाणा सरकार के सहयोग से परियोजना को जल्द धरातल पर उतारने के लिए प्रयासरत है। राजस्थान को यमुना का पानी उपलब्ध कराने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शेखावाटी को यमुना का पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट पर होने वाले नए समझौते पर सवाल उठाए हैं। डोटासरा ने एक्स पर लिखा- शेखावाटी की जनता को झूठे एमओए नहीं, अपने हिस्से का पूरा पानी चाहिए। राजस्थान के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### किसानों, उद्योगों और आम लोगों को होगा फायदा

**सीएम ने कहा-** यमुना जल परियोजना का काम आगे बढ़ने से राजस्थान को अपने हिस्से का पानी जल्द मिलेगा। इससे किसानों, उद्योगों और आम लोगों को बड़ा फायदा होगा।

### केंद्रीय जलशक्ति मंत्री पाटिल बोले- नहर की जगह पाइप लाइन से लाएंगे पानी

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा- यमुना जल परियोजना को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत पानी को पारंपरिक नहर प्रणाली की बजाय पाइपलाइन के जरिए पहुंचाने का प्रस्ताव है। इससे पानी की बचत होगी और पानी के बंटवारे की व्यवस्था भी व्यापक होगी।

### किशाऊ बांध परियोजना से भी राजस्थान को मिलेगा पानी

**सीआर पाटिल ने कहा-** किशाऊ बांध परियोजना से जुड़े छह राज्यों के मुद्दों का भी समाधान हो गया है। जल्द ही उससे संबंधित एमओए भी किया जाएगा। इससे राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित अन्य राज्यों को भी लाभ मिलेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- हर व्यक्ति तक पानी की पहुंच के लिए राज्य सरकारें काम कर रही हैं। इसके तहत रेणुका, लखवार और किशाऊ परियोजनाओं के क्रियान्वयन से मिलने वाले पानी से राजस्थान, दिल्ली के साथ हरियाणा के लोगों को भी फायदा मिलेगा। बैठक में बरसात के पानी को भी सहेजकर राजस्थान पहुंचाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

# चिड़ावा की बेटी निकिता चौधरी का अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



झुंझुनूं जिले के चिड़ावा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि गांव गोदा का बास (रघुवीरपुरा) एवं वर्तमान निवासी विकास नगर, चिड़ावा की बेटी निकिता चौधरी का चयन 2026 एशिया एंड ओशिनिया सैम्बो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता फिलीपींस की राजधानी मनीला में 24 से 28 जून 2026 तक आयोजित होगी। निकिता चौधरी 21 सदस्यीय भारतीय सैम्बो दल के साथ 23 जून को दिल्ली से फिलीपींस के लिए रवाना होंगी, जहां वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता में 31 देशों के 600 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे, जिससे प्रतियोगिता का स्तर बेहद प्रतिस्पर्धात्मक और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। निकिता इससे पहले भी तीन बार भारतीय टीम का हिस्सा बनकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं तथा भारत के लिए पदक जीतकर देश और राजस्थान का गौरव बढ़ा चुकी हैं। उनके अनुभव और शानदार प्रदर्शन को देखते हुए इस बार भी क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों को उनसे पदक जीतने की उम्मीद है। निकिता के पिता राजेश गजराज एवं माता सुशील ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि निकिता ने लगातार मेहनत और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

# शिक्षाविद् डॉ. सुधा जाजोदिया ने अग्रवाल समाज प्रदेश महामंत्री बनकर संगठन में लगाई हैट्रिक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री के पद पर शिक्षाविद डॉ सुधा पोद्दार जाजोदिया धर्मपत्नी व्यवसायी रितेश जाजोदिया ने लगातार तीसरी बार नियुक्ति पाकर हैट्रिक लगाने में कामयाबी हासिल करने पर अग्रवाल समाज के प्रबुद्ध जनों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है तथा राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ सुधा पोद्दार विवाह से पूर्व सीकर अग्रवाल समाज में पूर्ण सक्रिय रहीं तथा 2008 में विवाह पश्चात लक्ष्मणगढ़ अग्रवाल समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई । डॉ. सुधा विद्यार्थी जीवन से ही समाज सेवा में सक्रिय रही है। महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव 2003 में अध्यक्ष पद पर विजय होकर छात्रों के हित के लिए संघर्ष करने वाली डॉ. सुधा भाजपा शहर उपाध्यक्ष, लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद महिला प्रकोष्ठ संयोजक, लायंस क्लब सह सचिव रही है। वर्तमान में मानवाधिकार सहयोग संघ एडीसीए की प्रदेश शिक्षा सलाहकार मंत्री, 2019 से लक्ष्मणगढ़ अग्रवाल समाज में महिला महामंत्री है।अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में 2019 प्रदेश संगठन मंत्री के रूप में कदम रखने वाली डॉ. सुधा ने अपनी मेहनत और कर्तव्य निष्ठा से 2020 में जयपुर संभाग अध्यक्ष और 2021 में प्रदेश महामंत्री बनी। तब से अब तक लगातार तीसरी बार उन्हें महिला प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।

# श्री कृष्ण कॉलेज सिंघाना में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन, मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**



क्षेत्र के प्रतिष्ठित श्री कृष्ण शिक्षण समिति महाविद्यालय, सिंघाना में प्रतिभा, परिश्रम और उत्कृष्टता को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम उत्साह, गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बनकर सामने आया। समारोह की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। राजस्थान की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप अतिथियों का साफा और पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कॉलेज निदेशक रहीश कुमार यादव का स्वागत सांवरमल द्वारा साफा एवं माला पहनाकर किया गया। कॉलेज चेयरमैन हरिकृष्ण यादव का स्वागत सुरेन्द्र यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त अध्यापक अमीलाल का स्वागत कृष्ण कुमार पचेरी ने साफा पहनाकर किया। वहीं कॉलेज प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार राय का स्वागत नवीन शर्मा द्वारा पूरे सम्मान और आत्मीयता के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। जैसे ही मेधावी विद्यार्थियों के नामों की घोषणा हुई, पूरा कॉलेज परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। विद्यार्थियों के चेहरे पर सम्मान की खुशी साफ झलक रही थी, वहीं अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ अन्य छात्रों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

कॉलेज निदेशक रहीश कुमार यादव ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना भी है। उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और अधिक उपलब्धियां हासिल करने का आह्वान किया। समारोह के दौरान कॉलेज परिवार की एकजुटता भी देखने को मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, कमल सैनी, एकता, प्रियंका, प्रमिला, संजय राव, अमित कुमार जांगिड़, अजय कुमार, गोविंद भार्गव और सुनील बाबू सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में सभी सम्मानित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प दिलाया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और यादगार साबित हुआ।

## कुठानिया-तातीजा मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान, बारिश में कट जाता है संपर्क

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**



ग्राम कुठानिया से तातीजा गांव जाने वाले मुख्य मार्ग पर बारिश के दौरान भारी जलभराव होने से ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय सड़क पर पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है और कई बार मार्ग बंद होने की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है। वहीं किसी व्यक्ति के बीमार होने पर उसे अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाना भी चुनौती बन जाता है। कई बार ग्रामीणों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मार्ग पर उचित जल निकासी की व्यवस्था कर सड़क को ऊंचा किया जाए, ताकि बरसात के दिनों में आवागमन सुचारू रूप से जारी रह सके।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# शेखसर में ग्रामीण सेवा शिविरः 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की गूंज, गोद भराई, अन्नप्राशन और नामांकन संस्कार हुए संपन्न

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत शेखसर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को महिला एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण तथा शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में विशेष रूप से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जनसमुदाय को बेटियों के संरक्षण, शिक्षा और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं के मातृत्व स्वास्थ्य एवं बच्चों के समग्र विकास को लेकर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### शिविर में ये रहें उपस्थित

मंडावा पंचायत समिति क्षेत्र की शेखसर ग्राम पंचायत में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, पोषण और शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर रहा। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, विकास अधिकारी अमित कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रियंका व मोनिका, सरपंच शर्मिला देवी, उपसरपंच कल्याण सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबीता व सरोज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें।

## पारंपरिक रीति-रिवाजों से दी सीख

महिला एवं बाल विकास विभाग मंडावा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्कारों के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गोद भराई में गर्भवती महिला प्रिया पत्नी संदीप की पारंपरिक गोद भराई रस्म संपन्न कर उन्हें स्वस्थ मातृत्व और पोषण के लिए आवश्यक जानकारी दी गई।अन्नप्राशन संस्कारः छह माह की आयु पूर्ण होने पर बालिका सानवी पुत्री रोहिताश का अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया तथा उचित पोषण व देखभाल का संदेश दिया गया। नामांकन संस्कार में तीन वर्ष की आयु पूर्ण करने पर बालक ध्रुवीत पुत्र सुनील का आंगनबाड़ी केंद्र में शाला पूर्व शिक्षा के लिए पंजीकरण नामांकन कर अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। अधिकारियों का संदेश में 'महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, कुपोषण को मिटाना तथा बालक-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। ग्रामीण जन आगे आएं और सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। '

## एनएमडीसी ने डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स में विस्तार और डिजिटलाइजेशन पहलों की समीक्षा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एनएमडीसी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधन ने डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। इस दौरान इसके परिचालन दक्षता को मजबूत करने, जिम्मेदार खनन प्रथाओं को बढ़ावा देने और कर्मचारियों तथा आसपास के समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से कई रणनीतिक पहलों की समीक्षा की गई। इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि एनएमडीसी के प्रबंधन को डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स के इस दौरे से प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने का अवसर मिला, जो डोनीमलाई को भविष्य के लिए तैयार खनन परिसर में बदलने में मदद कर रही हैं। खास बात यह है कि एनएमडीसी को भारत के सबसे बड़े और जिम्मेदार लौह अयस्क उत्पादक के रूप में सुस्थापित करती है। मंत्रालय ने कहा कि इस अवसर पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कार्यपालक निदेशकों के साथ मिलकर हाल ही में विकसित बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें हाई-राइज टावर शामिल है, जो कर्मचारी कल्याण और सामुदायिक विकास के प्रति एनएमडीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान प्रबंधन ने कुमारस्वामी खदान से 10 एमटीपीए और डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स से 17 एमटीपीए के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से चल रही क्षमता-विस्तार और बुनियादी ढांचे के विकास की पहलों की समीक्षा की।

## राजनीति में महिलाओं की भूमिका, विकसित भारत 2047 के लिए अर्थव्यवस्था की कुंजीः मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने कहा कि महिलाएं भारत की विकास यात्रा की केवल भागीदार नहीं, बल्कि देश के भविष्य की वास्तविक निर्माता हैं। डा. मांडविया ने नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित पांचवें नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) माही रियल एस्टेट सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य महिलाओं की पूर्ण भागीदारी, नेतृत्व और आर्थिक योगदान के बिना संभव नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं की बराबर भागीदारी के बिना एक विकसित भारत (विकसित भारत 2047) का सपना पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक विकास, सामाजिक बदलाव और राष्ट्र निर्माण की मुख्य वजह हैं। विकसित भारत 2047 की यात्रा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, नेतृत्व और आर्थिक योगदान के बिना पूरी नहीं हो सकती। मांडविया ने कहा कि नारेडको माही जैसी पहल अब केवल चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि एक प्रभावशाली आंदोलन का रूप ले चुकी है, जो महिला पेशेवरों, उद्यमियों और परिवर्तनकर्ताओं के लिए मंच उपलब्ध करा रही है।

## सरकार ने पीएफ पर 8.25फीसदी ब्याज दर को दी मंजूरी, सात करोड़ अंशधारकों के खातों में जल्द आएगी जमा राशि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) जमा पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को औपचारिक मंजूरी दे दी है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में केंद्रीय न्यासी बोर्ड (CBT) द्वारा निर्धारित इस प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। यह निर्णय सात करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। वित्त मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बाद, अब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) इस महीने से ही अंशधारकों के खातों में ब्याज राशि जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। ईपीएफओ द्वारा विकसित नई तकनीकी प्रणाली के माध्यम से यह ब्याज सीधे और तेजी से सदस्यों के खातों में पहुंच जाएगा। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब सरकार ने ब्याज की इस दर को 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

## एफपीआई ने जून में बेची 60,471 करोड़ रुपये की इक्विटी

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलिया निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक भारतीय पूंजी बाजार से 31,105 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है जिसमें अकेले इक्विटी में उनका निवेश 60.47 हजार करोड़ रुपये कम हुआ है। केंद्रीय डिपॉजटरी सेवा के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने जून के पहले तीन सप्ताह में इक्विटी में 60,471 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। शुद्ध बिकवाली बाजार में लगाये गये पैसे और निकाले गये पैसे का अंतर है। इक्विटी के अलावा म्यूचुअल फंड में भी एफपीआई निवेश 128 करोड़ रुपये कम हुआ है। हाइब्रिड उपकरणों से एफपीआई ने 1,419 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की।

विदेशी निवेशकों के लिए कर और प्रक्रिया संबंधी नियमों में बदलाव के बाद डेट में एफपीआई निवेश में अच्छी तेजी आयी है। इसमें उन्होंने शुद्ध रूप से 30,913 करोड़ रुपये की लिवाली की है। खास बात यह है कि इसमें लगभग 11,953 करोड़ रुपये का निवेश बीते सप्ताह ही हुआ है। यह लगातार चौथा महीना है जब भारतीय बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बिकवाली की है। इससे पहले मई में उन्होंने 29.919 करोड़ रुपये, अप्रैल में 70,786 करोड़ रुपये और मार्च में 1,26,991 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

# नए लुक और प्रीमियम फीचर्स के साथ भारत में लॉन्च अप्रैलिया TUONO 457 स्पेशल एडिशन

एजेंसी

इटालियन दोपहिया वाहन निर्माता अप्रैलिया ने वर्ल्ड मोटरसाइकिल डे के अवसर पर भारतीय बाजार में अपनी नई 2026 Tuono 457 Special Edition को लॉन्च कर दिया है। आकर्षक डिजाइन, बेहतर राइडिंग कम्फर्ट और आधुनिक फीचर्स से लैस यह बाइक कंपनी की लोकप्रिय Tuono सीरीज को एक नया आयाम देती है। कंपनी ने इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 3.99 लाख रुपये तय की है, जो स्टैंडर्ड मॉडल की तुलना में केवल 2,000 रुपये अधिक है। खास बात यह है कि इस स्पेशल एडिशन का डिजाइन 2006 में लॉन्च हुई प्रतिष्ठित Tuono 1000R से प्रेरित है, जिससे इसमें स्पोर्टी और प्रीमियम अपील देखने को मिलती है।

**डिजाइन में दिखा स्पोर्टी अंदाज**

नई Tuono 457 Special Edition को कंपनी ने दो नए आकर्षक रंगों–मैम्बा ब्लैक और प्यूमा ग्रे–में पेश किया है। बाइक के फ्रंट प्रोफाइल को और अधिक आक्रामक बनाने के लिए इसमें नया स्मोक्ड फ्लाईस्क्रीन दिया गया है। यह न केवल बाइक की खूबसूरती बढ़ाता है बल्कि हाईवे पर तेज हवा के दबाव को भी कम करता है। कंपनी के अनुसार, यह फ्लाईस्क्रीन प्रीमियम हाई-इम्पैक्ट मटेरियल से तैयार किया गया है, जिससे लंबी दूरी



की यात्रा के दौरान राइडर को अधिक आराम मिलता है। इस स्पेशल एडिशन में सबसे बड़ा बदलाव राइडिंग एर्गोनॉमिक्स को लेकर किया गया है। बाइक में नया और ऊंचा हैंडलबार दिया गया है, जिससे राइडर अधिक सीधी और आरामदायक पोजिशन में बैठकर सफर कर सकता है। इसका फायदा खासतौर पर रोजाना उपयोग और लंबी यात्राओं के दौरान मिलेगा, क्योंकि इससे कलाई, कंधों और पीठ पर दबाव कम पड़ता है। इसके अलावा सीट को भी हाई-रेजिलिएंस फोम से तैयार किया गया है, जो खराब सड़कों पर लगने वाले झटकों को काफी हद तक सोख लेती है। कंपनी ने सस्पेंशन सेटअप को भी पहले से अधिक सॉफ्ट बनाया है, जिससे उबड़-खाबड़ रास्तों पर बेहतर राइड क्वालिटी मिलती है। राइडर्स अपनी जरूरत के अनुसार सस्पेंशन सेटिंग्स को एडजस्ट भी कर सकते हैं। परफॉर्मेंस के मामले में बाइक में वही 457cc का पैरेलल-ट्विन, लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया गया है जो स्टैंडर्ड मॉडल में मिलता है। यह इंजन 47.6 bhp की अधिकतम पावर और 43.5 Nm का पीक टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन शानदार एक्सीलरेशन और हाईवे पर दमदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अप्रैल से 14 जून तक निर्यात 15 फीसदी बढ़ा : गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से 14 जून तक देश के माल निर्यात में लगभग 15 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मई में भारत का निर्यात 18 फीसदी बढ़कर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो छह महीने का उच्चतम स्तर है।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने मुंबई में योग दिवस के अवसर पर 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' के साथ संवाद के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी अमेरिका शुल्क लगाए जाने के बावजूद पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई है। अगर हम अप्रैल और मई के पूरे महीनों के साथ ही जून के 14 दिन के उपलब्ध आंकड़ों की बात करें, तो इसमें निर्यात में 15 फीसदी की वृद्धि रही है। इसी अवधि में व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। गोयल ने संबोधन के दौरान 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर तक हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके अगले वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान लागू होने की संभावना है। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ ने वार्ताओं के समापन की घोषणा की थी। वाणिज्य मंत्रालय जून माह के निर्यात-आयात संबंधी आधिकारिक आंकड़े 15 जुलाई को जारी करेगा।

## अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर बातचीत के लिए जैमीसन ग्रीर आएंगे भारत, पीयूष गोयल समेत अन्य अधिकारियों से होगी मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के 20वें व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर इस हफ्ते वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और दूसरे वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से बातचीत के लिए भारत आएंगे। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि वह ग्रीर का स्वागत करने का इंतजार कर रहे हैं। वशिंगटन और नई दिल्ली एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों का कहना है कि वह लगभग पूरा हो गया है। अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'राजदूत ग्रीर का नई दिल्ली में स्वागत करने का इंतजार है! अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई सत्र शेड्यूल किए गए हैं!' अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर के ऑफिस ने बताया कि ग्रीर उज्बेकिस्तान जाने से पहले नई दिल्ली आएंगे।

बयान के मुताबिक, ग्रीर केंद्रीय मंत्री गोयल और दूसरे सीनियर भारतीय अधिकारियों से मिलेंगे और 'ऐतिहासिक अमेरिका-भारत संयुक्त बयान और अंतरिम समझौते पर चर्चा करेंगे। ग्रीर का यह दौरा राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 फरवरी, 2025 को शुरू की गई बड़ी अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौता बातचीत का हिस्सा है। '

इस महीने की शुरुआत में फ्रांस में जी7 समिट के दौरान एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस दौरे का संकेत दिया था। उस समय, अधिकारी ने कहा था कि अमेरिका और भारतीय नेगोशिएटर 'काफी गहरी' बातचीत में लगे हुए थे। उन्होंने पुष्टि की थी कि वह बातचीत जारी रखने के लिए भारत आएंगे। यह दौरा डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी की हाल की बातों के बाद हो रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने जी7 समिट के दौरान नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद कहा था कि दोनों देश व्यापार समझौते पर पहुंचने के 'बहुत करीब' हैं।

ग्रीर भारत के इस दौरे पर कितने दिनों के लिए भारत में हैं, इसे लेकर अमेरिका की ओर से कोई जानकारी सामने नहीं आई है। नई दिल्ली के अपने दौरे के बाद, ग्रीर ताशकंद जाएंगे, जहां उनका राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख शावकत मिर्जियोयेव, सईदा मिर्जियोयेवा और उप प्रधानमंत्री जमशेद खोडजाएव से मिलने का कार्यक्रम है।

बयान में कहा गया, 'राजदूत ग्रीर अपने समकक्षों के साथ ये सभी मीटिंग करेंगे ताकि अमेरिका के साथ स्पष्ट, संतुलित और पारस्परिक व्यापार हासिल करने पर चर्चा की जा सके। 'अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, और पिछले एक दशक में गुड्स और सर्विसेज में द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

## टॉप 10 में शामिल 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.15 लाख करोड़ से अधिक की बढ़ोतरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल नौ कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, जबकि एक कंपनी के मार्केट कैप में गिरावट आई है। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से नौ के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 2.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा भारती एयरटेल को हुआ, जबकि मार्केट कैप में बढ़ोतरी के मामले में दूसरा स्थान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मार्केट कैप में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इस सप्ताह के कारोबार के बाद भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में 2,15,142.36 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी



सर्विसेज (टीसीएस) के मार्केट कैप में 12,699.49 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के बाद भारती एयरटेल का मार्केट कैप 52,432.67 करोड़ रुपये बढ़ कर 11,62,963.30 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 51,675.23 करोड़ रुपये उछल कर 5,56,726.30 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 26,553.71 करोड़ रुपये की मजबूती के साथ 5,98,501.25 करोड़ रुपये के स्तर पर, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 22,464.02 करोड़ रुपये बढ़ कर 17,71,882.96 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 12,699.49 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 7,69,350.13 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इन कंपनियों के अलावा पिछले सप्ताह के कारोबार में लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 21,929.12 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,79,126.95 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 16,753.57 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 9,55,415.07 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## अमेरिका ने भारत के अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777 हॉवित्जर के लिए 482 मिलियन डॉलर के सपोर्ट पैकेज को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अमेरिका ने भारत के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए लगभग 482.2 मिलियन डॉलर (करीब 4,000 करोड़ रुपए) के रखरखाव और सपोर्ट पैकेज को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों और क्षमता को और मजबूत बनाना है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए), जो विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) कार्यक्रम का संचालन करती है, ने इस प्रस्तावित बिक्री की अधिसूचना फेडरल रजिस्टर में जारी की है। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने पिछले महीने संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को जानकारी दी थी। अधिसूचना के अनुसार, भारत ने अपनी एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए दीर्घकालिक रखरखाव और तकनीकी सहायता की मांग की है, जिसमें सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, मरम्मत सेवाएं, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि, डिपो स्तर की क्षमता और



अन्य लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

इस एम777 सपोर्ट पैकेज की अनुमानित लागत लगभग 230 मिलियन डॉलर बताई गई है। एक अलग अधिसूचना में अमेरिकी रक्षा विभाग ने बताया कि भारत ने अपने एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों के लिए भी रखरखाव और तकनीकी सहायता की मांग की है। इस पैकेज में अमेरिकी सरकार और ठेकेदारों द्वारा इंजीनियरिंग, तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता सेवाएं, तकनीकी प्रकाशन, कर्मियों का प्रशिक्षण और अन्य कार्यक्रम संबंधी सहायता शामिल हैं। अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इस सपोर्ट पैकेज की अनुमानित लागत 198.2 मिलियन डॉलर है। अपाचे हेलीकॉप्टर कार्यक्रम के प्रमुख ठेकेदार अमेरिकी कंपनियां बोइंग और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं, एम777 हॉवित्जर सपोर्ट कार्यक्रम के लिए यूनाइटेड किंगडम स्थित बीएई सिस्टम्स प्रमुख ठेकेदार की भूमिका निभाएगी।

भारत ने एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों को अमेरिका के विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत शामिल किया था, जिनका इस्तेमाल विशेष रूप से ऊंचाई वाले और पहाड़ी क्षेत्रों में तोपखाना क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाता है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों के अनुरूप है तथा इससे भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। विभाग के अनुसार, 'यह प्रस्तावित बिक्री भारत की मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता को बेहतर बनाएगी, उसकी घरेलू सुरक्षा को मजबूत करेगी और क्षेत्रीय खतरों को रोकने में मदद करेगी। '

## प्राइमरी मार्केट में इस सप्ताह रहेगी हलचल, 8 कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार यानी 22 जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में अच्छी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह आठ कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें तीन कंपनियों के आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष पांच आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले चार आईपीओ में भी 22 और 23 जून तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह छह कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। ये सभी कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं।

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 23 जून को एडविट ज्वेल्स का 165.16 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 130 रुपये प्रति शेयर से लेकर 138 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 100 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 01 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 23 जून को ही वाटरवेज लीजर टूरिज्म का 585 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 769 रुपये प्रति शेयर से लेकर 808 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 18 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद एक जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन श्रीधर स्पिनर्स का 30.68 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में भी 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 51 रुपये प्रति शेयर से लेकर 53 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है।

# अमेरिका-ईरान वार्ता से आपूर्ति चिंताएं घटीं, कच्चे तेल की कीमतों में 3 प्रतिशत तक गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में हुई वार्ता के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सप्लाई में रुकावट की आशंकाएं कम होने और ईरान के तेल निर्यात बढ़ने की उम्मीद के चलते कच्चे तेल की कीमतें 3 प्रतिशत तक गिर गईं। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 2 प्रतिशत से अधिक गिरकर लगभग 79 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। कारोबार की शुरुआत में यह 82 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया था। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड करीब 75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा, जो लगभग 3 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। कीमतों में यह गिरावट तब आई जब अमेरिका और



ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच स्विट्जरलैंड में हुई वार्ता का पहला दौर समाप्त हुआ। इस बातचीत का उद्देश्य नाजुक युद्धविराम को आगे बढ़ाना और क्षेत्रीय तनाव को कम करना था। हालांकि, इससे पहले भी पिछले सप्ताह तेल की कीमतों में 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। बाजार को उम्मीद थी कि खाड़ी क्षेत्र में फंसी तेल खेपों की आपूर्ति फिर से शुरू हो सकती है और किसी बड़े समझौते के तहत ईरान के तेल निर्यात पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में भी ढील दी जा सकती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि तेहरान को तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्यात के लिए छूट मिली है। इसके अलावा, कुछ फंसी हुई संपत्तियों को जारी करने और देश के पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यक्रम शुरू करने पर भी सहमति बनी है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितताओं के बावजूद ब्रेंट क्रूड का 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बने रहना इस बात का संकेत है कि बाजार किसी बड़े संघर्ष की संभावना को फिलहाल कीमतों में शामिल नहीं कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र की भू-राजनीतिक स्थिति अभी भी बदल सकती है और उस पर लगातार नजर बनाए रखने की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार, 'वैश्विक निवेशकों का रुख अभी भी सतर्क बना हुआ है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजार मिले-जुले और कमजोर संकेतों के साथ खुले, क्योंकि खबरें आईं कि नए भू-राजनीतिक तनाव के बाद ईरान ने स्विट्जरलैंड में चल रही वार्ता से खुद को अलग कर लिया है।

## सोना-चांदी बाजार में हल्की गिरावट, देशभर में कीमतों में नरमी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ओडिशा से ऑस्ट्रिया को सूखे साबुत अंडे के पाउडर की पहली खेप रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय बाजार में देहरादून की लीची के बाद अब ओडिशा के सूखे साबुत अंडे के पाउडर ने भी दस्तक दे दी है। ओडिशा के बलांगीर जिले से ऑस्ट्रिया के लिए सूखे साबुत अंडे के पाउडर की पहली निर्यात खेप रवाना की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाला कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से ओडिशा के बलांगीर जिले से ऑस्ट्रिया के लिए सूखे साबुत अंडे के पाउडर की पहली व्यावसायिक खेप का सफलतापूर्वक निर्यात किया गया। मंत्रालय ने कहा कि 22.6 मीट्रिक टन सूखे साबुत अंडे के पाउडर वाले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट को एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाई है। इस अवसर पर ओडिशा सरकार के मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास विभाग के कमिश्नर-सह-सेक्रेटरी प्रेम चंद और बालांगीर के कलेक्टर और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट गौरव शिवाजी इसलवार मौजूद रहे। इसके अलावा एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि और एपीडा के सीनियर अधिकारी और अन्य स्टेकहोल्डर्स ने भी इसमें हिस्सा लिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यह खेप एपीडा रजिस्टर्ड एक्सपोर्टर, ओवो फार्म प्राइवेट लिमिटेड, बलांगीर द्वारा एक्सपोर्ट की गई। यह भारत से वैल्यू-एडेड कृषि और प्रोसेस्ड फूड के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने की दिशा।श्रूडूम2

# स्कूटर बाजार में फिर छाया होंडा एक्टिवा, मई में 2.28 लाख से ज्यादा यूनिट बिक्री के साथ बना नंबर-1

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के स्कूटर बाजार में होंडा एक्टिवा का दबदबा एक बार फिर कायम रहा है। मई 2026 के बिक्री आंकड़ों ने यह साबित कर दिया कि भारतीय ग्राहकों की पहली पसंद आज भी एक्टिवा ही है। शानदार बिक्री प्रदर्शन के साथ यह न केवल देश का सबसे ज्यादा बिकने वाला स्कूटर बना, बल्कि टॉप-10 स्कूटरों की सूची में ऐसा एकमात्र मॉडल रहा जिसकी मासिक बिक्री 2 लाख यूनिट के आंकड़े को पार कर गई। टीवीएस जुपिटर ने भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर अपनी पकड़ बनाए रखी, जबकि इलेक्ट्रिक सेगमेंट में टीवीएस आईक्यूब और बजाज चेतक ने टॉप-5 में जगह बनाकर अपनी लोकप्रियता का प्रमाण दिया। मई 2026 के दौरान होंडा एक्टिवा की 2,28,955 यूनिट की बिक्री दर्ज की गई। पिछले वर्ष मई 2025 में इसकी 1,90,713 यूनिट बिकी थीं। इस तरह एक्टिवा की बिक्री में 38,242 यूनिट की बढ़ोतरी हुई और इसे सालाना आधार पर 20.05 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई। कुल स्कूटर बाजार में एक्टिवा की हिस्सेदारी लगभग 35.68 प्रतिशत रही, जो इसकी मजबूत बाजार पकड़ को दर्शाती है। दूसरे स्थान पर टीवीएस जुपिटर रहा, जिसकी मई 2026 में 1,24,767 यूनिट बिकीं। एक वर्ष पहले इसी अवधि में इसकी बिक्री 97,606 यूनिट थी। इस तरह जुपिटर को 27.83 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि मिली। हालांकि जुपिटर ने एक लाख यूनिट का आंकड़ा पार कर लिया, लेकिन वह एक्टिवा के मुकाबले काफी पीछे दिखाई दिया। तीसरे स्थान पर सुजुकी एक्सेस रहा। इसकी मई 2026 में 75,729 यूनिट बिकीं, जबकि मई 2025 में यह आंकड़ा 75,778 यूनिट था। यानी बिक्री में मामूली गिरावट दर्ज हुई और यह सूची में शामिल उन दो मॉडलों में से एक रहा जिन्हें सालाना आधार पर डिग्रोथ का सामना करना पड़ा। इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बढ़ती लोकप्रियता भी इस बार बिक्री आंकड़ों में साफ दिखाई दी। टीवीएस आईक्यूब ने 42,192 यूनिट की बिक्री के साथ चौथा स्थान हासिल किया। पिछले वर्ष की तुलना में इसकी बिक्री में 52.64 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं बजाज चेतक ने 38,376 यूनिट बिक्री के साथ पांचवां स्थान हासिल किया और 50.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह संकेत देता है कि भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मांग लगातार मजबूत हो रही है। स्पोर्टी स्कूटर सेगमेंट में टीवीएस एनटॉर्क ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 34,127 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसे 35.40 प्रतिशत की वृद्धि मिली। वहीं हीरो डेस्टिनी 125 ने सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज कर सबको चौंका दिया। इसकी बिक्री 76.34 प्रतिशत बढ़कर 26,482 यूनिट तक पहुंच गई। यह वृद्धि टॉप-10 स्कूटरों में सबसे अधिक रही।

सुजुकी बर्गमैन ने भी स्थिर प्रदर्शन करते हुए 25,835 यूनिट बिक्री दर्ज की और 4.65 प्रतिशत की बढ़ोतरी हासिल की। दूसरी ओर होंडा डियो की बिक्री में गिरावट देखने को मिली। मई 2026 में इसकी 23,814 यूनिट बिकीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.18 प्रतिशत कम रही। यह सूची में दूसरा ऐसा मॉडल रहा जिसकी बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। यामाहा RayZR ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 21,403 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसकी बिक्री में 64.35 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई, जो इसे सबसे तेजी से बढ़ने वाले स्कूटरों में शामिल करती है। यदि कुल बाजार की बात करें तो मई 2026 में टॉप-10 स्कूटरों की कुल 6,41,680 यूनिट बिकीं, जबकि मई 2025 में यह आंकड़ा 5,21,433 यूनिट था। यानी एक साल में 1,20,247 यूनिट की अतिरिक्त बिक्री हुई और बाजार में कुल 23.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि दोपहिया वाहन बाजार में स्कूटरों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर माइलेज, आसान राइडिंग, कम मेंटेनेंस और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती उपयोगिता के कारण स्कूटरों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। साथ ही इलेक्ट्रिक मॉडल्स की बढ़ती स्वीकार्यता आने वाले महीनों में बाजार की तस्वीर को और बदल सकती है। फिलहाल बिक्री के मोर्चे पर होंडा एक्टिवा का दबदबा कायम है और प्रतिस्पर्धी कंपनियों के लिए इसे चुनौती देना आसान नहीं दिखाई दे रहा।

# ग्रामीण सेवा शिविर में वर्षों पुरानी समस्या का समाधान, महिला को मिला जन्म प्रमाण पत्र



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनते जा रहे हैं। पंचायत समिति मंडावा की ग्राम पंचायत शेखासर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने शिविर की उपयोगिता को सार्थक साबित कर दिया। ग्राम पंचायत शेखासर निवासी श्रीमती संतोष देवी को लंबे इंतजार के बाद अपना जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। वर्ष 1963 में जन्मी संतोष देवी विभिन्न कारणों और पुराने अभिलेखों के अभाव में अब तक जन्म प्रमाण पत्र बनवाने से वंचित थीं। इसके चलते उन्हें बैंकिंग कार्यों, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, पहचान संबंधी दस्तावेज तैयार करवाने तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान उन्होंने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। इसके बाद संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की जांच, नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से उनका जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया। जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर संतोष देवी और उनके परिवारजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं ग्रामीण सेवा शिविर के प्रयासों की सराहना की। संतोष देवी ने कहा कि यह प्रमाण पत्र उनके लिए केवल एक सरकारी दस्तावेज नहीं, बल्कि उनकी पहचान और अस्तित्व का आधिकारिक प्रमाण है। उन्होंने बताया कि अब उन्हें विभिन्न सरकारी एवं निजी कार्यों में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर देवीलाल यादव, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी एवं जन्म-मृत्यु ब्लॉक नोडल अधिकारी शारदा देवी, सांख्यिकी निरीक्षक नरेश कुमार तथा जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार एवं ग्राम विकास अधिकारी पंकज कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से वर्षों से लंबित मामलों के समाधान से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। यह शिविर न केवल सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, बल्कि जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान कर उनके जीवन को सरल, सुगम और सम्मानजनक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# जातिसूचक अभद्र भाषा के विरोध में वाल्मीकि समाज का प्रदर्शन, पुलिस व पालिका को सौंपा ज्ञापन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.बिसाऊ।**

कस्बे की नगरपालिका परिसर में सोमवार को वार्ड संख्या 8 व 11 में बदहाल सफाई व्यवस्था एवं ऑटो टिपर नहीं आने के विरोध में महिलाओं व पुरुषों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान वाल्मीकि समाज के प्रति कथित रूप से जाति सूचक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के विरोध में मंगलवार को वाल्मीकि समाज के लोगों ने नगरपालिका कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने अधिशासी अधिकारी सीताराम कुमावत एवं पुलिस थाने के एएसआई श्यामलाल को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में पंकज, आनंद, बजरंग, अजय, नितिन, कपिल गोयल, नरेंद्र, आदित्य, अजीत, सचिन, किशन, संदीप, अक्षय, दिनेश, श्यामसुंदर, पप्पू, अभिषेक, सोनू, मोहित, कालूराम, किशोरी, जगदीश, भाना राम, सूरज, राहुल, दलिप कर्ण, राजू, अमित, रोहित, सुलतान, मनराम, रफीक, विकास, उमा, मेजर वाल्मीकि, राजेश सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहें। ज्ञापन में बताया गया कि 22 जून को नगरपालिका बिसाऊ में वार्ड संख्या 8 के महिला एवं पुरुष सफाई व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान सफाई कार्य से जुड़े वाल्मीकि समाज के लोगों के लिए कथित रूप से जाति सूचक शब्दों एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। समाज के लोगों का कहना है कि उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीकि समाज में रोष व्याप्त है।

ज्ञापन में कहा गया कि ऐसे शब्दों का प्रयोग पूरे समाज के लिए अपमानजनक है और इससे समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वाल्मीकि समाज व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इसके साथ ही समाज के लोगों ने नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था में लगाने तथा सभी सफाई कर्मचारियों को समान रूप से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य आवंटित करने की मांग भी उठाई।

# रायपुर अहिरान के अनंत यादव का आईआईटी में चयन, गांव और परिवार का बढ़ाया मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**



रायपुर अहीरान निवासी अनंत यादव ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में चयनित होकर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनंत स्वर्गीय रामकुमार यादव (वरिष्ठ अध्यापक) के पौत्र तथा मुकेश कुमार (व्याख्याता) एवं सुशीला देवी (अध्यापिका) के पुत्र हैं।अनंत की इस उपलब्धि को उनकी कठिन मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम माना जा रहा है। बचपन से ही मेधावी रहे अनंत ने अपनी प्रतिभा और निरंतर प्रयासों के बल पर आईआईटी में प्रवेश प्राप्त कर एक नया मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। अनंत का परिवार लंबे समय से शिक्षा, सामाजिक सरोकारों और जनसेवा से जुड़ा रहा है। उनके दादाजी वरिष्ठ अध्यापक रहे हैं, जबकि पिता मुकेश कुमार व्याख्याता और माता सुशीला देवी अध्यापिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं दे रहे हैं। बड़ी बहन डॉ. प्रीति यादव जिला चिकित्सालय महेंद्रगढ़ में चिकित्सक हैं, बड़े भाई शुभम बैंक ऑफ न्यूयॉर्क में कार्यरत हैं तथा छोटा भाई मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहा है। अनंत के ताऊ नरेश कुमार यादव पिछले 17 वर्षों से राजकीय आयुर्वेद औषधालय पचेरी कलां में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्य, सामाजिक योगदान और जनसेवा के लिए भारत सरकार, राज्य स्तर, संभाग, जिला प्रशासन, उपखंड प्रशासन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मानित किए जा चुके हैं।ग्रामीणों और शुभचिंतकों का मानना है कि अनंत यादव की यह सफलता क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि वे भविष्य में शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे।अनंत यादव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बीडीके अस्पताल के पालनाग्रह में 8.50 बजे मिली नवजात बालिका

## 1850 ग्राम वजन की बालिका अस्पताल की आईसीयू में भर्ती

### शिशू रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा उपचार जारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल के पालनाग्रह में नवजात शाम को नवजात बालिका मिली?। अस्पताल की आपातकालीन ईकाई में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी सीमा को सांय 8.50 बजे पालना ग्रह की घंटी सुनी। अस्पताल नर्सिंग अधिकारी ने पालना ग्रह में जाकर देखा तो पाया कि कपड़े मे लिपटी हुई नवजात बालिका सिसकियां भर रही है। नर्सिंग अधिकारी ने तुरंत नवजात बालिका को आपातकालीन ईकाई में सीएमओ ड्यूटी चिकित्सक डॉ राहुल सोनी को दिखाया। डॉ राहुल सोनी ने आवश्यक जांच की तथा ऑनकॉल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नयन झाझडिया ने बच्ची का जांच एवं उपचार आरंभ करते हुए नवजात को गहन?? चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया?। एसएनसीयू प्रभारी डॉ विजय झाझडिया ने बाल कल्याण समिति को सूचना दी। डॉ नयन झाझडिया, डॉ विजय झाझडिया, रेजीडेन्ट चिकित्सक एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की देखरेख में उपचार आरंभ कर दिया है। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि नवजात बालिका का जन्म 24-48 घंटे का प्रतीत हो रहा है। नवजात का वजन 1850 ग्राम ,शारिरिक तापमान कम पाया गया था। बच्ची 34-36 सप्ताह के गर्भावस्था के बाद जन्म हुई प्रतीत होती है। नवजात के सांस में तकलीफ़ के मद्देनजर सीपैप मशीन से आवश्यक दवाओं के साथ उपचार आरंभ कर दिया है। 'नवजात को फैंके नहीं ,पालना ग्रह में रखे' की बढ़ती जागरूकता के कारण आमजन द्वारा पालना ग्रह में रखा गया है।

# चिकित्सकों के सम्मान समारोह का जगह-जगह किया पोस्टर विमोचन




**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**

बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के तत्वावधान में 1 जुलाई को डॉक्टर्स-डे पर महात्मा ज्योतिबा फुले पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय हाडोता में आयोजित होने वाले चिकित्सकों का सम्मान समारोह का समिति के संरक्षक रामकिशोर राय, सेवानिवृत्त एडीएम केआर बुनकर एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक ओम प्रकाश वर्मा ने पोस्टर का विमोचन किया।समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के डॉक्टरों का सम्मान किया जाएगा। हरसोलिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में डॉक्टर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके सम्मान के लिए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की। इस दौरान समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, कोषाध्यक्ष नानगराम लूनीवाल, समाजसेवी लालाराम महरड़ा, मीरा देवी, उपाध्यक्ष शंकरलाल सरावता, उपमहासचिव हनुमान सहाय झांटीवाल, नवल किशोर छितरोलिया आदि मौजूद रहें।

# मोलावास में बाबा महापुरुष महाराज का प्रथम मेला संपन्न, भंडारा और रागनी प्रतियोगिता में उमड़ी भीड़

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** ग्राम मोलावास में आस्था और भक्ति का संगम देखने को मिला। श्री 1008 बाबा महापुरुष महाराज के प्रथम मेले का समापन मंगलवार 23 जून 2026 को श्रद्धा के साथ हुआ। प्रातः 7:15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के बाद 10:15 बजे से विशाल भंडारा शुरू हुआ। गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। भंडारे के साथ आयोजित रागनी प्रतियोगिता में प्रसिद्ध लोक कलाकार तरुण बलियान, पूजा राव, छाया चौधरी, सुरेश बेनीवाल और बिजेन्द्र मोर ने भजनों व लोकगीतों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। पूरे दिन मंदिर प्रांगण भक्तिमय रहा। मेले को महंत श्यामदास जी महाराज का सान्निध्य और महंत ध्यानदास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंडावर विधायक ललित यादव और जिला प्रमुख बालवीर चिल्लर पहुंचे। विशिष्ट अतिथियों में फौलादपुर के पूर्व सरपंच सुंदर पाल यादव, जालावास ग्राम पंचायत सरपंच अजीत यादव, सूबेदार धर्मपाल, ब्रह्म प्रकाश सेक्रेटरी, रोहतास बाबूजी, लेखराम पीटीआई, लालाराम पीटीआई, रामानंद शर्मा, सूबेदार प्रताप सिंह, शीशराम जागीरदार, जले सिंह, राकेश मास्टर, राधेश्याम अहरोदिया, महेश ई-मित्र मोलावास और सोमदत्त अहरोदिया शामिल रहे। सभी अतिथियों ने बाबा महापुरुष महाराज के मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति ने अतिथियों का गले में बाबा के नाम का पटका पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। मेले के दौरान समाजसेवा की मिसाल भी देखने को मिली। जले सिंह यादव ने अपने माता-पिता स्वर्गीय रामनारायण यादव और स्वर्गीय रेवती देवी यादव की स्मृति में बाबा महापुरुष महाराज के स्थान पर एक वाटर कूलर भेंट किया, जिससे आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों को शुद्ध-शीतल जल उपलब्ध हो सके। आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों ने सभी अतिथियों, कलाकारों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि बाबा महापुरुष महाराज का यह पहला मेला ऐतिहासिक रहा और ऐसे आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक एकता और भाईचारे को मजबूती मिली है।

# शिव विलास होटल एंड रिजॉर्ट का भव्य शुभारंभ 27 जून को




**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना ।**

पवन कुमार शर्मा। निकटवर्ती राजस्व ग्राम मंडा स्थित शिव विलास होटल एंड रिजॉर्ट का भव्य शुभारंभ समारोह शनिवार, 27 जून को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:15 बजे होगा, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसायी वर्ग के लोग उपस्थित रहेंगे। रिसोर्ट संचालक रामलाल बिजारनियाँ ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव विलास होटल एंड रिजॉर्ट को आधुनिक सुविधाओं एवं आकर्षक व्यवस्थाओं के साथ विकसित किया गया है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन एवं आतिथ्य सेवाओं को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि शुभारंभ समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अतिथियों के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं आमजन से कार्यक्रम में उपस्थित होकर शुभारंभ समारोह की गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया है। समारोह के दौरान अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान भी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार यह रिसोर्ट पारिवारिक समारोह, सामाजिक कार्यक्रम, विवाह एवं अन्य आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रहेगा। शुभारंभ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा स्थानीय लोगों द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

# बाला का बास पुरिया में स्वच्छता अभियान आयोजित, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री महेंद्र चंदवा का हुआ भव्य स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बिसाऊ।**




मंडावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाला का बास पुरिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के '12 साल बेमिसाल, 12 साल विश्वास के, 12 साल विकास के' जनसंपर्क अभियान के तहत स्वच्छता एवं सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश मंत्री महेंद्र चंदवा ने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसानों के उत्थान, गरीबों के लिए आवास, हर घर जल, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्यों के माध्यम से नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान सर्वसमाज के गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश मंत्री बनने पर महेंद्र चंदवा का साफा एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर चंदवा ने सभी ग्रामीणों के स्नेह, विश्वास एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने तथा क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में फूलचंद जांगिड़, नथुराम प्रजापत, बिरमी प्रसासक, छगन सिंह शेखावत, सुरेंद्र, देवकरण, चेतराम चाहर, विधाधर, परमेश्वर, सतपाल सिंह, देवकरण पायल, मोहनलाल जांगिड़, ईश्वर सिंह, करण सिंह, अर्जुन सिंह, अमरचंद सहारण, शंकर जांगिड़, लेखराम श्योराण, विधाधर पुनिया, लक्ष्मण नाई, गोरखाराम मेघवाल, राजेंद्र भालोठिया एवं रामदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# समाजसेवी लालचंद नायक ने बुहाना थाने को भेंट किया कूलर, पुलिसकर्मियों को मिलेगी गर्मी से राहत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**



भीषण गर्मी के बीच पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए गाड़ाखेड़ा निवासी समाजसेवी लालचंद नायक ने बुहाना थाना परिसर में एक कूलर भेंट किया। इस पहल के लिए आरटीआई कार्यकर्ता अनिल नायक ने प्रेरणा दी। कूलर भेंट कार्यक्रम के दौरान लालचंद नायक ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर ड्यूटी करते हैं। गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिले और कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण उपलब्ध हो, इसी भावना से उन्होंने यह सहयोग किया है। थाना अधिकारी बिमला बुडानिया एवं थाना स्टाफ ने समाजसेवी लालचंद नायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के जागरूक लोगों द्वारा किए गए ऐसे सहयोगात्मक कार्य पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं समन्वय को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में आरटीआई कार्यकर्ता अनिल नायक, थाना स्टाफ तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने समाजहित में किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया।

# स्कूल के नवीन भवन के लोकार्पण से वास्तु भूमि पूजन व हवन का हुआ आयोजन

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आतिथ्य में पी.एम. चमडिया स्कूल का वार्षिक समारोह व नवीन भवन का लोकार्पण समारोह आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सीकर।**



यहां मोरी गेट स्थित पी.एम. चमडिया स्कूल का वार्षिक समारोह व नवीन भवन का लोकार्पण समारोह कल 24 जुलाई को शाम 7.15 बजे समारोह पूर्वक आयोजित होगा ।

संस्था चैयरमेन विष्णु चमडिया व प्रिंसिपल विनीता पुजारी ने बताया कि समारोह से पूर्व नवीन भवन का मंगलवार को वास्तुशास्त्र भूमिपूजन आचार्य संजय जोशी के सानिध्य में सात विद्वान पंड़ितो के द्वारा किया गया। इस दौरान हवन पूजन किया गया व मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कि गई। इस अवसर पर विष्णु चमड़ियां, रणवीर भास्कर, सुरेश रिंगसिया, प्रहलाद रिंगसिया, प्रार्चाय विनिता पुजारी, राजकुमार चमड़ियां सहित परिवार व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने बताया कि बुधवार 24 जून को होने वाले कार्यक्रम में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि होंगे। जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर,धोद विधायक गोरधन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, लक्ष्मनगढ के पूर्व विधायक केडी बाबर, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ कमल सिखवाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

# ग्रामीण सेवा शिविर बना राहत का आधार, वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम साबित हो रहे हैं। पंचायत समिति मंडावा की ग्राम पंचायत हेतमसर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने प्रशासन की जनकल्याणकारी पहल को सार्थकता प्रदान की। क्षेत्र निवासी धर्मपाल को लंबे समय से लंबित जन्म प्रमाण पत्र शिविर के माध्यम से जारी किया गया, जिससे उनकी पहचान संबंधी महत्वपूर्ण समस्या का समाधान हो सका। धर्मपाल का जन्म वर्ष 1971 में हुआ था, लेकिन विभिन्न कारणों और पुराने अभिलेखों की अनुपलब्धता के चलते उनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाया था। इसके कारण उन्हें बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, पहचान संबंधी दस्तावेज तैयार करवाने तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण सेवा शिविर में उन्होंने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर निर्धारित प्रक्रिया पूरी करवाई तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से उनका जन्म प्रमाण पत्र जारी किया। दस्तावेज प्राप्त होने पर धर्मपाल और उनके परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र मिलने से उनकी पहचान से जुड़ी महत्वपूर्ण बाधा दूर हो गई है और भविष्य में विभिन्न सरकारी एवं निजी कार्यों में उन्हें सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर देवीलाल, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी एवं जन्म-मृत्यु ब्लॉक नोडल अधिकारी शारदा देवी, विकास अधिकारी अमित, सांख्यिकी कर्मचारी संगणक राकेश कुमार तथा जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नीतिका लॉयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। ग्रामीण सेवा शिविर का यह उदाहरण दर्शाता है कि सरकार की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# ड्राइवरों की समस्याओं के समाधान की उठी जोरदार मांग

## शहर के ऐतिहासिक नाई वाली चौक पर ड्राइवर्स,सहायकों के बीच पहुंचे लोक सेवा मंच के पदाधिकारी

### ‘पब्लिक केरियर वाहनों के ड्राइवर्स का धंधा संकट में,घटने लगी आमदनी’



भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

जनहित में जारी 'मेगा मिशन जनसंपर्क अभियान' के तहत राष्ट्रीय सामाजिक संगठन लोक सेवा मंच के पदाधिकारियों ने पब्लिक केरियर वाहनों के ड्राइवर्स तथा उनके सहायकों के बीच पहुंचकर कुशलक्षेम पूछा और उनकी समस्याएं जानीं । मंच के पदाधिकारियों से ड्राइवर्स तथा उनके सहायकों ने समस्याओं की आवाज बुलंद करने का जोरदार आग्रह किया । उन्होंने सरकार से समस्याओं के तुरंत समाधान की पुरजोर गुहार की शहर के ऐतिहासिक नाई वाली चौक के समीप राष्ट्रीय प्रगतिशील विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक प्रधान सहित कोर कमेटी के सदस्य महेश कौशिक,बीके राम सिंह,नंदलाल यादव से पब्लिक केरियर निजी वाहनों के ड्राइवर्स व उनके सहायकों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं का दर्द सांझा किया । यात्री,मालवाहक वाहनों के अनेक ड्राइवर्स व उनके सहायकों ने कहा कि वे बहुत कठिनाइयों झेल रहे हैं । उन्होंने बताया कि काम मिलने का संकट, पेट्रोल-डीजल तथा सीएनजी के लगातार बढ़े रेट,चौतरफा महंगाई तथा सामाजिक सुरक्षा-सहायता के लिए पर्याप्त सरकारी सहयोग के बिना उनका व उनके परिवारों का गुजारा बहुत ही मुश्किल हो रहा है ।

इस अवसर पर प्रगतिशील विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक प्रधान लोक सेवा मंच ने आश्वस्त किया कि ड्राइवर्स,उनके सहायकों की कठिनाइयों को लेकर जनहित में प्रदेश के परिवहन मंत्री, समाज कल्याण मंत्री,मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री को पत्र लिखे जाएंगे । समाधान होने तक मेगा मिशन अभियान जारी रहेगा । बैठक में ध्वनिमत से सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित हुआ कि सरकार को जनहित में प्रत्येक ड्राइवर व उनके सहयोगी स्टॉफ को पहचान पत्र प्रदान करने, शिक्षित बेरोजगार से ड्राइवर-सहायक बने ऐसे हर जरूरतमंद नागरिक को स्वरोजगार के लिए 20 लाख रुपये तक का इंटरेस्ट फ्री लोन 20' सब्सिडी के साथ लॉन्ग टर्म के लिए उपलब्ध कराने ,सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रत्येक ड्राइवर व स्टाफ को एक करोड़ रुपए की पर्सनल एक्सीडेंटल बीमा पॉलिसी तथा ड्राइवर्स, स्टाफ सहित उनके परिजनों को 50 लाख रुपए की फैमिली हैल्थ बीमा पॉलिसी निःशुल्क उपलब्ध कराने की जनहितकारी मांगों पर तुरंत विचार करना चाहिए। सरकार को प्रत्येक व्हीकल स्टैंड पर अटल कैंटीन खोलकर ?5 में चाय-नाश्ता , ?10 में सुबह व शाम का खाना उपलब्ध कराने , ड्राइवर्स और स्टाफ के बैठने एवं विश्राम करने हेतु प्रत्येक व्हीकल स्टैंड पर बिजली- पानी, शौचालय आदि सुविधाओं युक्त शेल्टर होम निर्मित करने, प्रत्येक शहर-कस्बे में ड्राइवर्स एंड स्टॉफ के लिए हॉस्टल्स बनाकर ?200 प्रतिमाह किराए में सपरिवार आवासीय सुविधा देने,वर्ष में दो बार ड्राइवर्स-स्टाफ तथा उनके परिवारजनों का निःशुल्क हेल्थ चेकअप कराने , महिला- पुरुष ड्राइवर्स व सहायकों को क्रमशः 58 व 60 वर्ष की आयु होने पर रुपए 20 हजार प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने , हर व्हीकल स्टैंड पर व्हीकल शैड सुविधा भी उपलब्ध करानी चाहिए।

## भीम प्रज्ञा कविता

### एक अकेला पिता

एक अकेला पिता, लड़ता जग की
विघ्न बाधाओं से,
अटल खड़ा सामना करता
हिमालय सा।

सर्दी ,गर्मी,वर्षा,दुख सब में,
शांत भाव से जोश है भरता,
तन अपने में महाराणा प्रताप सा।

जलाए रखता आशा का दीप,
जो हरदम मन में जलता रहता,
बाधाओं से टक्कर लेने बढ़ता
लहर सा।

घिर आता दुःख का बादल,
अकाल,अतिवृष्टि ,ग्राम का,
खड़ा रहता जग में टिमटिमाते तारे
सा।

टूटे मन को जोड़ सके ज्योति
उसकी ऐसी है।

भटके जीवन पथ में जो भर दे
सरगम सी तान।
अटल खड़ा रहे जीवन पथ पर ध्रुव
सा।

भरता पेट दो पांच दस बीस जन
का,
अब आया बुढ़ापा साथ टूटा तन
का,
उसकी थाली में टोटा अन्न का,
खड़ा याचक सा।

कहता हमेशा मन से अपने
मत हारो जीवन की बाजी से तुम
अमावस्या की रात के बाद भी
उगता चांद सा।

शेरसिंह ढिकवाल(घायल)
पचेरी बड़ी,झुंझुनूं (राजस्थान)

# विधिक माप विज्ञान नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी, 7 दिन में मांगे सुझाव-आपत्तियां

### लाइसेंस व्यवस्था की जगह स्व-घोषणा आधारित पंजीकरण का प्रस्ताव, व्यापारियों के अनुपालन भार को कम करने पर जोर।

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।

**मनोज खंडेलवाल** । राज्य सरकार ने राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 में प्रस्तावित संशोधनों पर आमजन, व्यापारिक संगठनों, उद्योग संघों तथा अन्य हितधारकों से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की हैं। राजस्थान राजपत्र में प्रारूप नियमों के प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के भीतर इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं अपनी राय ई-मेल के माध्यम से भेज सकेंगे। विधिक माप विज्ञान विभाग के उपनियंत्रक आलोक जरवाल ने बताया कि प्रस्तावित संशोधनों का मुख्य उद्देश्य व्यवसाय सुगमता को बढ़ावा देना, नियमों के अनुपालन की प्रक्रियाओं को सरल बनाना तथा व्यापारियों पर पड़ने वाले अनावश्यक अनुपालन भार को कम करना है। यह पहल भारत सरकार की डी-रेगुलेशन एवं कम्पलायंस बर्डन रिडक्शन नीति तथा जन विश्वास अधिनियम-2026 की भावना के अनुरूप की जा रही है।

प्रारूप संशोधनों में निर्माताओं, मरम्मतकर्ताओं और विक्रेताओं के लिए वर्तमान लाइसेंस व्यवस्था के स्थान पर स्व-घोषणा आधारित पंजीकरण प्रमाण-पत्र की व्यवस्था लागू करने, लाइसेंस नवीनीकरण की अनिवार्यता समाप्त करने, सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्रों को सत्यापन एवं मुद्रांकन प्रक्रिया में शामिल करने, सत्यापन शुल्क का युक्तिसंगत पुनर्निर्धारण करने तथा विभिन्न उल्लंघनों के लिए अनुपातिक शमन शुल्क निर्धारित करने जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित संशोधनों पर सुझाव एवं आपत्तियां dclm.hqv@rajasthan.gov.in तथा secy-food-rj@nic.in पर भेजी जा सकती हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# कोट गांव के वार्ड 9 में नालियों के अवरुद्ध निकास से बिगड़े हालात, ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

## तीन साल से सड़क पर भरा गंदा पानी, कीचड़ और दुर्गंध से वार्डवासी बेहाल

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।



**मनोज खंडेलवाल** । उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट के गांव कोट स्थित वार्ड संख्या 9 में सड़क पर लंबे समय से भरे गंदे पानी और कीचड़ ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। छीपी मंदिर से लेकर मांजी के मंदिर तक करीब तीन वर्ष पूर्व निर्मित सीसी सड़क पर जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा आसपास रहने वाले परिवारों को दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बाबूलाल यादव ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान उचित ढलान नहीं दिए जाने तथा नालियों का निकास व्यवस्थित नहीं होने से गंदा पानी आगे नहीं निकल पाता। समय के साथ नालियां अवरुद्ध होकर पट गई हैं, जिसके कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। सड़क पर स्थायी रूप से बने जलभराव और कीचड़ के कारण राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से जमा गंदे पानी के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मौसमी और मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बाबूलाल यादव, जयसिंह यादव, बनैसिंह यादव, अर्जुन यादव, जगन यादव, हरिराम यादव और मुरारी यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की जानकारी क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीना को भी दी गई है। विधायक के आश्वासन के बाद ग्रामीण समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही जलभराव और नाली निकास की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# वार्ड 8 में आयोजित शहरी सेवा शिविर में पहुंचे आमजन, विभिन्न विभागों ने मौके पर सुनी समस्याएं

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा** । राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद मंडावा में वार्ड संख्या 8 के लिए शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे तथा आमजन की समस्याओं एवं प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया।शिविर के दौरान कृषि भूमि से संबंधित दो पट्टों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक आवेदन का निस्तारण कर लाभार्थी को राहत प्रदान की गई। इसके अलावा 69ए के अंतर्गत एक पट्टे का आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं स्टेट ग्रांट से संबंधित एक पट्टे का आवेदन भी प्रस्तुत किया गया, जिसका मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में नगर पालिका, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। शिविर में पट्टा प्रकरणों के साथ-साथ अन्य नागरिक सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े मामलों पर भी आवश्यक कार्रवाई की गई। नगर पालिका परिषद मंडावा द्वारा आयोजित इस शहरी सेवा शिविर का उद्देश्य आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराना तथा विभिन्न विभागों के कार्यों का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करना है। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए।




# जल संरक्षण पर के.के. गुप्ता की पहल को मिली सरकारी मान्यता, राज्यभर में जारी हुए दिशा-निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा** । राजस्थान में जल संरक्षण और भू-जल स्तर सुधार की दिशा में स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर एवं समन्वयक के.के. गुप्ता की पहल को बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री को भेजे गए उनके सुझावात्मक पत्र पर राजस्थान नदी बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण ने संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों के पुनर्जीवन, जल आवक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने, जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) को प्रभावी बनाने के सुझाव दिए थे। सरकार ने इन विषयों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। गुप्ता ने बताया कि डूंगरपुर नगर परिषद में सभापति रहते हुए बावड़ियों, कुओं, झीलों और तालाबों के संरक्षण व गहरीकरण के कार्य कराए गए, जिससे जल उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। साथ ही 100 सरकारी भवनों और 500 घरों को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से जोड़कर भू-जल स्तर बढ़ाने में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर में किए गए जल संरक्षण कार्यों की प्रशंसा तत्कालीन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में भी की थी। वहीं, ‘वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान’ के तहत गत वर्ष डूंगरपुर जिले में 100 तालाबों के जीर्णोद्धार और जल संचय क्षमता बढ़ाने के कार्य भी किए गए। यह पहल प्रदेश में ‘जल है तो कल है’ के संकल्प को मजबूत करने के साथ-साथ भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# कृष्ण भक्ति में डूबा ऊकरूंद, सुदामा चरित्र सुन श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।



**मनोज खंडेलवाल** । ग्राम ऊकरूंद में पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी रामफूल मीना के निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव के विश्राम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष, भजन-कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा। वृंदावन धाम के कथावाचक पंडित परशुराम शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने 16,108 रानियों से विवाह प्रसंग के माध्यम से नारी सम्मान का संदेश दिया तथा उषा-अनिरुद्ध विवाह प्रसंग से प्रेम और धर्म की विजय का महत्व बताया। सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा में सच्ची मित्रता, निस्वार्थ प्रेम और भगवान के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया गया। महाआरती के दौरान शंखध्वनि, दीपों की जगमगाहट और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजक रामफूल मीना, जगमोहन मीना, कालूराम मीना एवं परिवारजनों ने श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। आयोजकों ने बताया कि बुधवार को कथा की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# सरकार नकारा अफसर बेलगाम- आप नेता सुखविंदर सिंह गिल



भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा** । आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर सिंह गिल ने हरियाणा में बढ़ रहे भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के मसलों पर चिंता करते हुए कहा कि आज सरकार नकारा है, इसलिए अफसर बेलगाम है। अफसर रिश्वत के रूप में आम लोगों की खून चूस रहे हैं। चाहे पुलिस विभाग की बात करें तो पिछले तीन-चार दिनों में कभी कोई थाना अध्यक्ष शराब कांड में जेल जाता है, टोहाना से सब इंस्पेक्टर रिश्वत लेते फस जाते हैं और वही जिले के भट्टू में पुलिस कर्मी रिश्वत लेते रंग हाथों पकड़ी जाती हैं। पुलिस विभाग की बात करें तो उन्हें जनता की हिफाजत की जिम्मेदारी दी जाती है। वही पुलिस आम जनता को भक्षक बना रही है। यह सरकार की नाकामी है लोग इस व्यवस्था से बेहद दुखी हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि अगर दूसरे विभागों की बात करें तो इसमें बिजली विभाग भी प्रमुख है। आज टोहाना हल्के में तेज आंधी-तूफान से जगह-जगह बिजली की तारे खंबे गिरे पड़े हैं, पर अफसर जानबूझकर काम करने में देरी करते हैं ताकि किसान और दूसरे कंज्यूमर प्राइवेट काम करवा ले। और इस प्राइवेट काम जो आम लोगों ने अपनी जेब से पैसे खर्च कर करवाया होता है, उसके बिल खुद पास करवा कर अफसर हड़प जाते हैं। इस प्रकार सरकार के किसी भी विभाग पर सरकार का किसी प्रकार का कंट्रोल नहीं है। इसका मुख्य कारण मेरा मानना है की सरकार में बैठे लोग ना तो प्रशासनिक कार्य करवाने में निपुण हैं और साथ में सरकार में बैठे लोगों तक भी इस भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी का पैसा पहुंचता है।

## टोहाना थाना सदर पुलिस की बड़ी सफलताः चोरी का खुलासा

# आरोपी काबू, नकदी व मोबाइल बरामद- सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बीर सिंह

### तकनीकी एवं गोपनीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा** । सदर टोहाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए मिर्चपुर (थाना अग्रोहा, जिला हिसार) निवासी सन्नी पुत्र कृष्ण को काबू किया है। उसके कब्जे से 40 हजार रुपये की नकदी तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।थाना सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता कुलां (तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद) निवासी मुकेश कुमार पुत्र रूपचंद ने शिकायत दी थी कि वह कुलां चौक पर कन्फेक्शनरी की दुकान चलाता है। शिकायत अनुसार ईश्वर सिंह पुत्र धर्मपाल, निवासी सिवानी बोलान ने दिनांक 17 जून को 67,000 रुपये उसे दुकान पर दिए थे, जिन्हें उसने एक बैग में रखकर दुकान में सुरक्षित रखा था। दिनांक 18 जून 2026को लगभग 10 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान से उक्त बैग चोरी कर लिया गया।मामले में अभियोग संख्या 107 दिनांक 18.जून 2026धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तकनीकी एवं गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने मिर्पुर (थाना अग्रोहा, जिला हिसार) निवासी सन्नी पुत्र कृष्ण को काबू किया तथा उसके कब्जे से 40 हजार रुपये की नकदी एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया मामले की जांच जारी है।

# पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 लागू : तहसीलों में रजिस्ट्री प्रक्रिया होगी और अधिक सरल, पारदर्शी व सुरक्षितः डीसी डॉ. विवेक भारती

### आधार ई-केवाईसी, डिजिटल हस्ताक्षर और ऑनलाइन सत्यापन से फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक




भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 लागू किया गया है। यह नई व्यवस्था रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगी तथा नागरिकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलेगी।मंगलवार को डीसी डॉ. विवेक भारती लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में ऑटो म्यूटेशन प्रणाली पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 के शुभारंभ के अवसर पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 29 सितंबर 2025 को कुरुक्षेत्र के बाबैन से पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 1.0 का शुभारंभ किया गया था। लगभग आठ माह के सफल संचालन और आम नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा विभागीय अधिकारियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर अब पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 को लागू किया गया है। 23 जून को हरियाणा निवास चण्डीगढ़ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑटो म्यूटेशन प्रणाली पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ किया। इस प्रणाली को विभागीय संसाधनों के माध्यम से विकसित किया गया है।डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि नई व्यवस्था में आवेदन फॉर्म को अधिक सरल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया गया है। अब प्रथम पक्ष और द्वितीय पक्ष की आधार आधारित ई-केवाईसी अनिवार्य होगी, जिससे पहचान संबंधी विवादों और त्रुटियों की संभावना काफी कम हो जाएगी। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि पूरी प्रक्रिया में डिजिटल हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक सत्यापन को शामिल किया गया है। इससे दस्तावेजों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा किसी भी प्रकार की फर्जी पहचान या धोखाधड़ी की संभावना पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। इससे प्रत्येक व्यक्ति की स्पष्ट एवं स्थायी पहचान स्थापित होगी तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना कम होगी।डीसी ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को तेज, सुरक्षित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। ऑनलाइन सत्यापन, डिजिटल रिकॉर्ड, ई-केवाईसी और विभागीय एकीकरण जैसी सुविधाओं से न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी, बल्कि नागरिकों का भरोसा भी मजबूत होगा। यह पहल डिजिटल शासन और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस दौरान एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीआरओ श्यामलाल , टोहाना के नायब तहसीलदार अनिल कुमार गौतम सहित, एडीआईओ प्रीति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# घटिया सीसी सड़क पर ग्रामीणों का हंगामा, एक दिन में बनी सड़क दूसरे दिन उखड़वाई

### 50 लाख की लागत से बन रहे निर्माण में गुणवत्ता पर उठे सवाल, ग्रामीणों के विरोध के बाद विभाग आया हरकत में।



भीम प्रज्ञा न्यूज.मण्डावर।

**मनोज खंडेलवाल** । उपखंड क्षेत्र के ऊकरूंद गांव में 50 लाख रुपए की लागत से प्रजापत ढाणी से कमल मीणा के मकान तक बनाई जा रही सीसी सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग करने, सीमेंट की मात्रा कम रखने तथा निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए शनिवार को मौके पर चल रहा कार्य रुकवा दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य अवकाश के दिन शुरू किया गया और मौके पर विभागीय निगरानी नहीं थी। सड़क बनते ही कई स्थानों पर परत उखड़ने लगी, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। मामला बढ़ने और शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद विभाग हरकत में आया। रविवार को विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर मौके का निरीक्षण कराया गया तथा एक दिन पूर्व बनाई गई सड़क के हिस्से को जेसीबी मशीन से उखड़वा दिया गया। सड़क उखड़वाए जाने की कार्रवाई के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल और गहरे हो गए हैं।ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाने, गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्वीकृति हुए करीब तीन वर्ष बीत चुके हैं, इसके बावजूद निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका, जिससे क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, अवकाश के दिनों में सड़क निर्माण शुरू होने और विरोध के बाद अगले ही दिन सड़क उखड़वाने की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## नाम परिवर्तन

मैं नरेश कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र, निवासी वार्ड नं. 11, बनवास ढाणी, पोस्ट खेतड़ी नगर, जिला झुंझुनूं (राजस्थान), यह घोषित करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में मोनीष वर्मा तथा जन्म प्रमाण पत्र में मोनीष कुमार अंकित है। अब मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर ध्रुवित सिंह **(DHRUVIT SINGH)** रख दिया है। भविष्य में उसे ध्रुवित सिंह नाम से ही जाना, पहचाना एवं सभी शासकीय एवं गैर-शासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जाए।

## नाम परिवर्तन

मैं नरेश कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र, निवासी वार्ड नं. 11, बनवास ढाणी, पोस्ट खेतड़ी नगर, जिला झुंझुनूं (राजस्थान), यह घोषित करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में कनिष वर्मा तथा जन्म प्रमाण पत्र में कनिष अंकित है। अब मैंने अपनी पुत्री का नाम परिवर्तित कर अवीरा सिंह **(AVIRA SINGH)** रख दिया है। भविष्य में उसे अवीरा सिंह नाम से ही जाना, पहचाना एवं सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाए।

## सार्वजनिक सूचना

मैं कृष्णा देवी पत्नी स्व. मोहन सिंह, उम्र 66 वर्ष, निवासी ग्राम गाडराटा, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनूं (राजस्थान) द्वारा सूचित किया जाता है कि वाहन संख्या **RJ18UA4535** , चेचिस नं. **MA1XA2GHKC2C6852** , इंजन नं. **GHC4C81370** , मॉडल 2012 के पंजीकृत स्वामी मेरे पति स्व. मोहन सिंह पुत्र हरिकिशन सिंह थे, जिनका दिनांक 20.05.2019 को निधन हो गया। मैं उनकी विधवा पत्नी एवं वैधानिक उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त वाहन अपने नाम स्थानांतरित करवाना चाहती हूं।

# बारिश से पहले ही 'डूबने' को तैयार दिल्ली, नालों से निकली गाद उठाना भूला पीडब्ल्यूडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मानसून की दस्तक से पूर्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बरसाती नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति का आलम तो जारी है ही, नालों से निकाली गई गाद उठाने के मामले में भी विभाग के अधिकारी पिछले सालों की गलतियों से कोई सबक नहीं ले रहे हैं।

**24 घंटे का वादा, 8 दिन का इंतजार:** मानसून को देखते हुए विभाग द्वारा यह स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि नालों से निकाली गई गाद को 24 घंटे के अंदर मौके से हटा लिया जाएगा, लेकिन जमीनी हकीकत इन कागजी दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। राजधानी के कई इलाकों में नालों से निकाली गई गाद पांच से लेकर आठ दिनों तक सड़कों और नालियों के किनारे यूं ही पड़ी है। इस लापरवाही ने आम जनता की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

**गाद सड़कों पर दे रही बीमारी को दावत:** मौसम विभाग द्वारा जताई जा रही तेज वर्षा की संभावनाओं के बीच यह आशंका प्रबल हो रही है कि यदि समय रहते इस गाद को नहीं उठाया गया, तो वर्षा का पानी इसे वापस नालों में बहा ले जाएगा। नालों के फिर से चोक होने की स्थिति ठेकेदारों को दोबारा गाद निकालने के नाम पर एक और भ्रष्टाचार का रास्ता मिल जाएगा।



में सड़कों पर भारी जलभराव का संकट पैदा हो सकता है।

स्थानीय निवासियों और जागरूक नागरिकों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी शायद इसी स्थिति का इंतजार कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि यदि पहली ही वर्षा में गाद वापस नाले में चली जाती है, तो अधिकारियों और

यह संदेह निराधार भी नहीं है, क्योंकि पिछले वर्षों में भी ऐसा कई बार देखा गया है। भारी वर्षा के बाद तमाम निकाली गई गाद फिर से नालों में बह गई थी और विभाग के भ्रष्ट अभियंताओं ने बिना काम किए ही गाद उठाने का पूरा सरकारी भुगतान (बिल) पास करवा लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद में अरविंद केजरीवाल की एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच आम



आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी से हर सनातनी बेहद दुखी है। शुक्रवार को मैं दर्शन के लिये श्री राम मंदिर जाऊंगा।' बता दें कि राम मंदिर में करोड़ों रुपये के चढ़ावे और दान की कथित चोरी के मामले में हाल ही में सियासत तेज हो गई है। केजरीवाल ने पहले भी इस मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया था कि इतनी बड़ी चोरी होने के बावजूद अब तक एक भी एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई। उन्होंने कहा था कि सरकार किसे बचा रही है?

### दिल्ली में झाड़ियों में मिला अनजान बुजुर्ग का शव, 2 दिन बाद मिली खबर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेलकम इलाके में झाड़ियों में एक बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम को शाहदरा जीटी रोड पर झाड़ियों में एक बुजुर्ग का शव पड़े होने की सूचना मिली। शव एक से दो दिन पुराना लग रहा था। ऐसा कोई कागजात नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। आशंका है कि नशे की ओवरडोज से बुजुर्ग की जान गई है।

### डॉक्टर मनीष गुप्ता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, पूछताछ में खुलेंगे गहरे राज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के माउंट कैलाश में घरेलू सहायिका की हत्या मामले में



दो दिन की रिमांड अवधि पूरी होने पर आरोपी चिकित्सक मनीष गुप्ता को फिर साकेत कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस की ओर से इस बार रिमांड की मांग न होने पर कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद वह अपनी पत्नी और बेटे की हत्या के बाद खुद को भी मारना चाहता था। लेकिन मीना के साथ की गई बर्बरता को देखकर वह हिम्मत नहीं कर सका। वहीं, जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से आब्सेसिव कंपल्सिव डिसआर्डर (ओसीडी) और अवसाद की समस्या से जूझ रहा था। उसका इलाज चल रहा था। उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए दो दिन की हिरासत अवधि में पुलिस उसकी विशेष निगरानी कर रही थी।

## 60 किमी की स्पीड से चलेगी हवा, दिल्ली में हल्की बारिश के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आज मंगलवार को भी चुभन भरी गर्मी से राहत बनी रहेगी। मौसम विभाग की मानें तो शहर भर में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान भी 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहेगा। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन का तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। दिन में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। 40 से 60 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की भी संभावना है। इससे पहले, रविवार को मौसम ने दिनभर आंख-मिचौली का खेल खेला। सुबह से दोपहर तक आसमान बादलों की चादर में लिपटा रहा, जिससे लोगों को बारिश की उम्मीद जगी, लेकिन दोपहर बाद तेज धूप निकलने से गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। बादलों की मौजूदगी के बावजूद बारिश नहीं होने से लोगों को राहत नहीं मिल सकी। सुबह के समय मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहा और आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर तक लोगों को लगा कि कभी भी बारिश हो सकती है, लेकिन बादलों के छंटते ही तेज धूप निकल आई। इसके बाद उमस का असर और बढ़ गया। बादलों की सक्रियता बढ़ने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## बालेन का स्पष्टीकरण- ब्रिटेन की मध्यस्थता नहीं चाहते, बातचीत से सुलझाएंगे विवाद

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने भारत-नेपाल सीमा विवाद को लेकर अपने पहले दिए गए बयान पर सफाई दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नेपाल सीमा विवाद सुलझाने के लिए ब्रिटेन की मध्यस्थता नहीं चाहता और यह मामला भारत के साथ सीधे बातचीत के जरिए हल किया जाएगा। रविवार को चितवन जिले में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के महासम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि नेपाल के पास कालापानी और लिपुलेख क्षेत्रों से जुड़े पर्याप्त ऐतिहासिक दस्तावेज और सबूत मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि उनका आशय केवल इतना था कि यदि ब्रिटिश शासनकाल के रिकॉर्ड की जरूरत पड़ी तो नेपाल उन्हें प्रस्तुत कर सकता है। भारत-नेपाल सीमा पर सीमा पिलरों को लेकर दोनों देशों की सर्वे एजेंसियां और सुरक्षा बल आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ सीमा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा पर सीमा पिलरों को लेकर दोनों देशों की सर्वे एजेंसियां और सुरक्षा बल आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ सीमा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। बालेन शाह ने आगे कहा, 'हम ब्रिटेन की मध्यस्थता नहीं चाहते। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ बातचीत के जरिए और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इस मुद्दे का समाधान करेंगे। हमारे पास पर्याप्त प्रमाण हैं और किसी को भी हमारे राष्ट्रवाद पर संदेह नहीं होना चाहिए।' दरअसल, 31 मई को संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए पीएम बालेन शाह ने कहा था कि नेपाल ने भारत और चीन के अलावा ब्रिटेन सरकार से भी बात की है, क्योंकि सीमा विवाद से जुड़े कुछ ऐतिहासिक रिकॉर्ड ब्रिटिश शासनकाल के हैं। उनके इस बयान के बाद नेपाल में विपक्षी दलों, विदेश नीति विशेषज्ञों और सीमा मामलों के जानकारों ने आलोचना की थी। भारत और नेपाल के बीच कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा क्षेत्रों को लेकर लंबे समय से सीमा विवाद चला आ रहा है।

## व्हाइट हाउस में ऑनर समारोह दौरान बेइज्जत हुए ट्रंप, वीर सैनिक को सम्मानित करते फंसे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में आयोजित एक प्रतिष्ठित सैन्य सम्मान समारोह उस समय चर्चा का विषय बन गया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश के सर्वोच्च सैन्य सम्मान मेडल आफ हॉनर को पहनाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान मौजूद लोगों की हंसी छूट गई और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। यह समारोह सेवानिवृत्त अमेरिकी सेना के मेजर निकोलस डॉकरी को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। डॉकरी को वर्ष 2012 में अफगानिस्तान में तालिबान के घातक हमले के दौरान असाधारण बहादुरी दिखाने के लिए यह सम्मान दिया गया।

मेजर डॉकरी की वीरता की प्रशंसा करने के बाद ट्रंप उनके पास पहुंचे और मेडल ऑफ ऑनर उनके गले में पहनाने लगे। लेकिन पदक के



रिबन के पीछे लगे क्लैस्प को बंद करने में उन्हें कठिनाई हुई। एक गांठ में बांध दिया और सम्मान प्रक्रिया पूरी की। घटना के दौरान ट्रंप ने डॉकरी से कुछ हल्की-फुल्की बातें भी कीं और बाद में उनके कंधे पर हाथ रखकर बधाई दी। समारोह में मौजूद वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सैन्य कमांडर और अन्य अतिथि इस अप्रत्याशित स्थिति पर मुस्कुराते और हंसते नजर आए। हालांकि कार्यक्रम बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा और सम्मान समारोह की गरिमा बरकरार रही। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। कई लोगों ने इसे औपचारिक समारोह में ट्रंप के लिए असहज पल बताया। कुछ टिप्पणीकारों ने इसे शर्मनाक स्थिति करार दिया। ट्रंप समर्थकों ने कहा कि मेडल ऑफ ऑनर के औपचारिक क्लैस्प अक्सर जटिल होते हैं। लाइव टेलीविजन कार्यक्रमों में ऐसी तकनीकी दिक्कतें किसी के साथ भी हो सकती हैं। मेजर निकोलस डॉकरी को अफगानिस्तान में तालिबान के हमले के दौरान अपने घायल साथियों को बचाने और दुश्मन की गोलीबारी के बीच बार-बार अपनी जान जोखिम में डालने के लिए सम्मानित किया गया। उनकी बहादुरी को अमेरिकी सेना की असाधारण वीरता के उदाहरण के रूप में देखा जाता है। कुछ क्षणों की तकनीकी असुविधा के बावजूद समारोह का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी सैन्य वीरों के साहस, बलिदान और देश सेवा को सम्मानित करना रहा।

## भारत और कनाडा रिश्तों में नई गर्माहट, मोदी-कार्नी की नजदीकियां बनीं चर्चा का विषय

**टोरंटो एजेंसी।** भारत में कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस कूटर ने कहा है कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच मजबूत व्यक्तिगत तालमेल दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जा रहा है। बातचीत में कूटर ने कहा कि पिछले दो वर्षों में आई कूटनीतिक चुनौतियों के बावजूद अब भारत और कनाडा के संबंध फिर से सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं। कूटर ने बताया कि मोदी और कार्नी अब तक चार बार मुलाकात कर चुके हैं। हाल ही में दोनों नेताओं ने फ्रांस के एवियन में आयोजित त्न7 शिखर सम्मेलन के दौरान भी बातचीत की थी।

उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, दोनों प्रधानमंत्री कई बार मिल चुके हैं, फोन पर भी बातचीत करते हैं और शायद व्हाट्सएप पर भी संपर्क में रहते होंगे। कूटर के अनुसार दोनों नेताओं में एक समानता है वे परिणाम चाहते हैं और तेजी से निर्णय लेने में विश्वास रखते हैं। कनाडाई उच्चायुक्त ने कहा कि कनाडा अपनी वैश्विक साझेदारियों को विविध बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है और भारत इस रणनीति का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें शामिल होंगे

भारत और कनाडा के बीच पिछले वर्षों में सुरक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर तनाव देखने को मिला था। हालांकि कूटर का कहना है कि अब दोनों देशों ने ऐसे मुद्दों पर काम करने के लिए एक स्पष्ट और व्यवस्थित प्रक्रिया विकसित कर ली है। उन्होंने कहा, दोनों देशों की एजेंसियां अब एक-दूसरे के कामकाज को बेहतर समझती हैं और इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि किसी भी पक्ष को अप्रत्याशित स्थिति का सामना न करना पड़े। कूटर ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्नी ने हाल ही में दिए अपने भाषण में ऐसे देशों के बीच सहयोग की बात की थी जो वैश्विक महाशक्तियां नहीं हैं लेकिन अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा करना चाहते हैं। उनके अनुसार भारत और कनाडा इसी सोच के तहत लचीली और व्यावहारिक साझेदारी विकसित कर रहे हैं।

● रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला

## रूस की राजधानी मॉस्को तक पहुंचे यूक्रेन के ड्रोन? चार एयरपोर्ट बंद, दहशत में लोग



**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी सीमा पार हमलों के तहत सोमवार को मॉस्को को निशाना बनाकर दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन से हमले किए गए। जिसके कारण लोगों में दहशत फैल गई। यूक्रेनी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से मॉस्को के चार हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करते हुए उड़ानों पर रोक लगा दी गई।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के ने टेलीग्राम पर बताया, रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 59 ड्रोन मार गिराए, जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर उड़ानों को रोका गया। रूसी अधइकारियों का कहना है कि यह एक बड़ा ड्रोन हमला था, जिसे रूसी वायु सेना ने समय रहते रोक दिया और बड़े खतरे को टाल दिया।

## *विज्ञान ने भी माना योग का लोहा, आंतों के बैक्टीरिया से लेकर मस्तिष्क की क्षमता तक... अल्जाइमर रोगियों में दिखे चमत्कारी बदलाव*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बार-बार चक्कर आने या अचानक बेहोश हो जाने (वेसोवैगल सिंकोप) की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए योग एक प्रभावी उपचार साबित हो रहा है। यही नहीं अल्जाइमर रोगियों में भी योग से याददाश्त,



मानसिक क्षमता और मनोदशा में सुधार के संकेत मिले हैं। एम्स में हुए अलग-अलग शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि योग विभिन्न तंत्रिका संबंधी समस्याओं के प्रबंधन और उपचार दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वह प्रभावी सहायक उपचार साबित हो रहा है।

एम्स के शोध 'लिव-योगा' में पाया गया है कि नियमित योगाभ्यास से वेसोवैगल सिंकोप के मरीजों में बेहोशी और चक्कर आने की घटनाओं में कमी आई। इस शोध के परिणाम प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'जेएसीसी : क्लीनिकल इलेक्ट्रोफिजियोलाजी' में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ता डॉ. गौतम शर्मा ने बताया कि वेसोवैगल सिंकोप ऐसी स्थिति है, जिसमें तनाव, लंबे समय तक खड़ेरहने, दर्द या भावनात्मक उत्तेजना के कारण मस्तिष्क तक रक्त प्रवाह अस्थायी रूप से कम हो जाता है।

इससे व्यक्ति को चक्कर आ सकते हैं या वह अचानक बेहोश हो सकता है। यह समस्या मरीजों के दैनिक जीवन, कामकाज और आत्मविश्वास को प्रभावित करती है। शोध में 15 से 70 वर्ष आयु वर्ग के 55 मरीजों को शामिल किया गया। एक समूह को सामान्य उपचार दिया गया, जिसमें पर्याप्त पानी और नमक का सेवन तथा विशेष शारीरिक अभ्यास शामिल थे।

दूसरे समूह को सामान्य उपचार के साथ योगाभ्यास भी कराया गया। योग कार्यक्रम में आसन, प्राणायाम, स्ट्रेचिंग और ध्यान को शामिल किया गया। सभी प्रतिभागियों की स्थिति पर एक वर्ष तक लगातार निगरानी रखी गई।

परिणामों के अनुसार, योग करने वाले मरीजों में 12 महीने के दौरान बेहोशी या चक्कर आने की औसत घटनाएं 0.7 रहीं, जबकि केवल सामान्य उपचार पाने वाले मरीजों में यह संख्या 2.52 दर्ज की गई। योग समूह के 43 प्रतिशत मरीज पूरे अध्ययन काल में किसी भी घटना से मुक्त रहे, जबकि दूसरे समूह में यह अनुपात 16 प्रतिशत था।

डॉ. गौतम शर्मा और उनकी टीम के अनुसार योग का लाभ छह सप्ताह के भीतर दिखाई देने लगा और पूरे समय बना रहा। मरीजों में बेहोश होने का डर कम हुआ, आत्मविश्वास बढ़ा। डॉ. गौतम शर्मा के अनुसार वेसोवैगल सिंकोप पर हुए अध्ययन में योग सुरक्षित, सुलभ और कम लागत वाला उपचार विकल्प साबित हुआ है। कोई गंभीर दुष्प्रभाव भी सामने नहीं आया।

एम्स के शरीर रचना विभाग की प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा और न्यूरोलाजी विभागाध्यक्ष डा. मंजरी त्रिपाठी के नेतृत्व में किए गए और जर्नल आफ अल्जाइमर्स डिजीज में प्रकाशित 'अल्जाइमर में योग का महत्व' शोध के अनुसार आरंभिक अल्जाइमर पर योग का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

पाया गया कि 12 सप्ताह तक प्रतिदिन 60 मिनट योग करने वाले मरीजों की मानसिक क्षमता, याददाश्त और मनोदशा में सुधार के साथ अवसाद के लक्षणों में कमी और आंतों के माइक्रोबायोम में सकारात्मक बदलाव भी हुए। शोधकर्ता डॉ. रीमा दादा ने बताया कि योग के बाद लाभकारी बैक्टीरिया की संख्या बढ़ी, सूजन बढ़ाने वाले जीवाणुओं में कमी आई।

मरीजों की संज्ञानात्मक क्षमता में सुधार के साथ उनका माइक्रोबायोम प्रोफाइल स्वस्थ व्यक्तियों जैसा होने लगा। यह मस्तिष्क के बेहतर स्वास्थ्य का संकेत होता है। डॉ. मंजरी त्रिपाठी के अनुसार योग को अल्जाइमर का संपूर्ण उपचार नहीं माना जा सकता पर, आरंभिक अल्जाइमर और हल्के संज्ञानात्मक विकार से पीड़ित मरीजों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सहायक चिकित्सा साबित हो सकता है।

## सोलर पंप से सिंचाई भी, बिजली बेचकर कमाई भी... पीएम कुसुम योजना से किसानों की बढ़ेगी आमदनी

**नई दिल्ली।** खेती-किसानी में लगातार बढ़ते बिजली और डीजल के खर्च से परेशान किसानों के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम योजना एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके जरिए किसान सिर्फ बिजली का इस्तेमाल ही नहीं करेंगे, बल्कि खुद बिजली बनाकर उसे सरकार को बेचेंगे और हर महीने मोटी कमाई भी करेंगे।

### कुसुम-ए योजना की खासियत

इस योजना के तहत अगर किसी किसान के पास बंजर या ऐसी जमीन है जिस पर खेती नहीं होती, तो वे वहां सौर ऊर्जा संयंत्र लगवा सकते हैं। इस प्लांट से जो बिजली बनेगी, उसे सरकारी बिजली कंपनी पूरे 25 साल तक खरीदेगी। इसके लिए सरकार के साथ एक एग्रीमेंट (समझौता) होता है, जिससे किसानों को घर बैठे हर साल पक्की आमदनी होने लगती है। इस योजना के तहत किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए सोलर पंप दिए जाते हैं। सामान्य किसानों को पंप की कीमत पर 60 प्रतिशत की भारी छूट मिलती है, जिसमें 30त्न केंद्र सरकार और 30त्न राज्य सरकार देती है। इसके अलावा अनुसूचित जनजाति के किसानों को 95त्न तक की छूट दी जाती है। इसके अलावा दिन की धूप में यह पंप आसानी से चलता है, जिससे डीजल और बिजली का भारी-भरकम खर्च पूरी तरह खत्म हो जाता है। वहीं कुसुम-सी योजना उन किसानों के लिए है जिनके पास पहले से ही बिजली से चलने वाला कृषि पंप मौजूद है। इस योजना में उस पंप को सोलर पैनल से जोड़ दिया जाता है। किसान दिनभर अपनी जरूरत के मुताबिक सिंचाई करता है और जो बिजली बच जाती है, उसे सरकारी ग्रिड को बेच देता है। इसके इंस्टॉलेशन खर्च पर भी 30 प्रतिशत की छूट मिलती है और 25 साल तक बिजली बेचने की गारंटी होती है।

**कहां और कैसे करें आवेदन?** गौरतलब है कि इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। किसान भाई योजना की आधिकारिक वेबसाइट mpuvn.mp.gov.in Øæ pmkusum.mnre.gov.in पर जाकर अधिक जानकारी ले सकते हैं और अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन करते समय किसान के पास पहचान पत्र (जैसे आधार), समग्र आईडी, जमीन के कागज, बैंक खाते की जानकारी और मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।

# मेसी के फुटबॉल वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा 18 गोल

## जर्मनी के क्लोजा का रिकॉर्ड तोड़ा; अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराया, नॉकआउट में पहुंचा




अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी फुटबॉल वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रिया के खिलाफ मेसी ने पहले अपना 17वां गोल दागकर जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोजा (16 गोल) का रिकॉर्ड तोड़ा और फिर मैच के आखिरी में एक और गोल कर इसे 18 तक पहुंचा दिया।

मेसी ने डलास स्टेडियम में 39वें मिनट में फील्ड गोल लगाकर इतिहास रचा। इसके बाद इंजरी टाइम (95वें मिनट) में उन्होंने दूसरा गोल दागकर अर्जेंटीना की 2-0 की जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने राउंड ऑफ-32 में भी जगह बना ली।

38 साल के मेसी ने पिछले मैच में अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी। मौजूदा टूर्नामेंट में उनके सबसे ज्यादा 5 गोल हो गए हैं। मेसी के बाद 3 गोल के साथ जर्मनी के डेनिज उंडाव हैं।

### 9वें मिनट में पेनल्टी चूके

मेसी के पास नौवें मिनट में ही रिकॉर्ड बनाने का मौका था। लॉटारो मार्टिनेज पर ऑस्ट्रियाई डिफेंडरों के फाउल के बाद अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली, लेकिन मेसी शॉट को पोस्ट के बाहर मार बैठे। इसके साथ ही वह वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा तीन पेनल्टी मिस करने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए। इससे पहले घाना के असामोआ ग्यान ने दो पेनल्टी मिस की थीं।

पेनल्टी चूकने के बाद 18वें मिनट में मेसी को एक और मौका मिला, लेकिन ऑस्ट्रियाई डिफेंडरों ने शॉट ब्लॉक कर दिया। ऑस्ट्रिया के गोलकीपर डेविड अलाबा ने भी एक मौके पर गोललाइन के पास शानदार बचाव किया।

### 39वें मिनट में तोड़ा क्लोजा का रिकॉर्ड

39वें मिनट में अर्जेंटीना के थियागो अल्माडा ने बाईं ओर फाकुंडो मेडिना को पास दिया। मेडिना ने गेंद बॉक्स के किनारे खड़े मेसी तक पहुंचाई और कप्तान ने शानदार लेफ्ट फुटेड शॉट लगाकर गेंद को निचले कोने में पहुंचा दिया।

यह मेसी का वर्ल्ड कप में 17वां गोल था, जिसके साथ उन्होंने मिरोस्लाव क्लोजा को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

### इंजरी टाइम में दूसरा गोल

मैच के 95वें मिनट में अर्जेंटीना ने काउंटर अटैक किया। स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज का शॉट बच गया, लेकिन रिबाउंड पर मेसी ने दो डिफेंडरों के बीच से गेंद गोल में पहुंचा दी। 90+5वें मिनट में आया यह गोल उनका मैच का दूसरा और टूर्नामेंट का पांचवां गोल था।

### लगातार 6 वर्ल्ड कप मैचों में गोल

मेसी अब लगातार 6 वर्ल्ड कप मैचों में गोल करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने फ्रांस के जस्ट फोंटेन और ब्राजील के जायरजिन्हो के रिकॉर्ड की बराबरी की।



### अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी

मेसी ने पांच दिन पहले अल्जीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना की 3-0 की जीत में हैट्रिक लगाई थी। उन्होंने 17वें, 60वें और 76वें मिनट में गोल दागे थे। यह वर्ल्ड कप में उनके करियर की पहली हैट्रिक थी।

इसी के साथ वह वर्ल्ड कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 2018 वर्ल्ड कप में 33 साल की उम्र में हैट्रिक लगाने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा था। मेसी के नाम अब 11 इंटरनेशनल हैट्रिक हैं।

### 20 साल पहले किया था वर्ल्ड कप डेब्यू

मेसी ने 18 साल की उम्र में 16 जून 2006 को सर्बिया और मोंटेनेग्रो के खिलाफ अपना पहला वर्ल्ड कप मैच खेला था और उसी मुकाबले में पहला वर्ल्ड कप गोल भी किया था। 20 साल बाद वह वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे सफल गोल स्कोरर बन चुके हैं।

मेसी अपने करियर का रिकॉर्ड छठा वर्ल्ड कप खेल रहे हैं। वह फुटबॉल इतिहास के पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 6 वर्ल्ड कप खेले हैं। उनके नाम ड्ड कप में सबसे ज्यादा 28 मैच खेलने का रिकॉर्ड भी है।

### पिता की बीमारी के बीच खेल रहे

अल्जीरिया के खिलाफ पहला गोल करने के बाद मेसी भावुक हो गए थे और उनकी आंखों में आंसू आ गए थे। बाद में परिवार ने बताया कि उनके पिता जॉर्ज मेसी एक अज्ञात बीमारी का इलाज करा रहे हैं। मैच के बाद मेसी ने कहा था कि वह मैदान के बाहर कुछ मुश्किल दिनों से गुजर रहे थे।

# हॉकी प्रो लीग- भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराया

## अभिषेक, नीलकांत, सुखजीत और राजिंदर ने गोल दागे; टीम 10 साल से पाक से नहीं हारी

भारतीय हॉकी टीम ने स्न्ड्ढ॥ प्रो लीग में पाकिस्तान को 4-3 से हरा दिया। लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में भारत ने 1-0 से पिछड़ने के बाद वापसी की। अभिषेक, नीलकांत शर्मा, सुखजीत सिंह और राजिंदर सिंह ने भारत के लिए गोल किए। पाकिस्तान के लिए अहमद नदीम और कप्तान अबू महमूद और शकील मोईन ने गोल किया। पिछले 10 साल में भारतीय टीम पाकिस्तान से कोई मुकाबला नहीं हारी है। दोनों टीमों के बीच पिछले 18 मुकाबलों में भारत ने 16 जीते हैं। 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार भारत को दिसंबर 2016 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में हराया था।

### पाकिस्तान ने पहले क्वार्टर में बढ़त बनाई

भारत ने मैच की शुरुआत अटैक से की, लेकिन गोल नहीं कर सका। इसके उलट पाकिस्तान ने अपने पहले ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दाग दिया। अहमद नदीम ने 10वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने फाउल की अपील की, लेकिन अंपायर ने गोल बरकरार रखा।

### अभिषेक और नीलकांत ने मैच पलटा

दूसरे क्वार्टर में भारत ने दबाव बढ़ाया। दिलप्रीत सिंह के शानदार क्रॉस पर अभिषेक ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके तुरंत बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत सिंह की ड्रैग फ्लिक को पाकिस्तान ने रोक लिया, लेकिन रिबाउंड पर नीलकांत शर्मा ने गेंद को नेट में पहुंचाकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारतीय टीम ने 19 बार पाकिस्तान के सर्किल में इंटर किया, जबकि पाकिस्तान केवल 2 ही कर सका। भारत को 9 पेनल्टी कॉर्नर मिले, हालांकि टीम सिर्फ एक को गोल में बदल सकी।

### सुखजीत ने बढ़ाई बढ़त

तीसरे क्वार्टर में पाकिस्तान ने तेज शुरुआत की, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने बेहतरीन बचाव किए। इसके बाद भारत के सुखजीत सिंह ने बॉक्स के अंदर शानदार टर्न लेकर जोरदार शॉट से गोल दाग दिया। इस गोल के साथ भारत की बढ़त 3-1 हो गई।

### राजिंदर ने चौथा गोल किया

आखिरी क्वार्टर में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। राजिंदर सिंह ने बेहतरीन ड्रैग फ्लिक लगाकर स्कोर 4-1 कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की कोशिश की। कप्तान अबू महमूद ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया और फिर अंतिम में एक और गोल दागकर अंतर 4-3 कर दिया, लेकिन तब तक भारत ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### पाकिस्तान बिना कप्तान और कोच के उतरा

पाकिस्तान के नियमित कप्तान अम्माद शकील बट वीजा समस्या के कारण टीम के साथ नहीं थे। उनकी जगह अबू महमूद ने कप्तानी संभाली। टीम के मुख्य कोच भी लंदन में मौजूद नहीं थे और मैनेजर ने टीम की जिम्मेदारी संभाली।



# भारत की श्री चरणी दुनिया की नंबर-1 टी-20 गेंदबाज बनी

## विमेंस वर्ल्डकप में 10 विकेट ले चुकीं, बैटिंग में मंधाना टॉप-5 में

21 साल की श्री चरणी विमेंस टी-20 इंटरनेशनल बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गई हैं। भारतीय स्पिनर ने इंग्लैंड की लिंसी स्मिथ को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है।

श्री चरणी को महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। वह फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। टूर्नामेंट में 6 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा 8वें स्थान पर हैं।

भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना बैटिंग रैंकिंग में टॉप-5 में बनी हुई हैं। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाए हैं। इसके अलावा शेफाली वर्मा छठे और कप्तान हरमनप्रीत कौर 10वें स्थान पर हैं।

चरणी ने दीप्ति को पीछे छोड़ा, यंगेस्ट इंडियन बनीं

श्री चरणी बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 बनने वाली भारत की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बन गई हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि दीप्ति शर्मा के नाम थी। दीप्ति 23 दिसंबर 2025 को जब पहली बार नंबर-1 बनीं तब उनकी उम्र 27 साल थी।

डेब्यू के एक साल के भीतर टॉप पर पहुंची बाएं हाथ की स्पिनर चरणी ने पिछले साल 28 जून को इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेला था। वे एक साल के भीतर दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज बन गईं। दीप्ति ने 31 जनवरी 2016 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला था। उन्हें डेब्यू करने से टॉप रैंकिंग तक पहुंचने में लगभग 10 साल लगे थे।



चरणी ने मौजूदा महिला टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ 3/21, नीदरलैंड्स के खिलाफ 4/19 और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3/24 के आंकड़े दर्ज किए हैं। उन्होंने अब तक 23 टी-20 मैचों में 38 विकेट लिए हैं। बेस्ट 12 रन देकर 4 विकेट हैं।

### पूर्व नंबर-1 गेंदबाज लिंसी स्मिथ तीसरे स्थान पर पहुंचीं

इंग्लैंड की ऑफ स्पिनर चार्ली डीन 3 मैचों में 5 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं पूर्व नंबर-1 गेंदबाज लिंसी स्मिथ तीसरे स्थान पर खिसक गईं। इंग्लैंड की ही स्टार स्पिनर सोफी एकलस्टन चार स्थान की छलांग लगाकर चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं।

वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज 9 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें, ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज किम गार्थ 25 स्थान की छलांग लगाकर 20वें और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना10 स्थान ऊपर चढ़कर 25वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

### बैटर्स रैंकिंग में 3 भारतीय

भारत की तीन बल्लेबाज टॉप-10 में शामिल हैं। उपकप्तान स्मृति मंधाना 749 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर बरकरार हैं। ओपनर शेफाली वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे और कप्तान हरमनप्रीत कौर एक स्थान के फायदे के साथ 10वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

### ऑस्ट्रेलियन ओपनर जॉर्जिया वॉल नंबर-1 बैटर

ऑस्ट्रेलिया की ओपनर जॉर्जिया वॉल 829 रेटिंग के साथ नंबर-1 बैटर बनी हुई हैं। उन्होंने मौजूदा वर्ल्ड कप के 3 मैचों में 62 रन बनाए हैं। उनकी हमवतन बेथ मूनी एक स्थान के फायदे के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट तीसरे स्थान पर हैं।

### ऑलराउंडर में दीप्ति चौथे नंबर पर बरकरार

भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 364 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। वह ऑलराउंडर रैंकिंग के टॉप-10 में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज टॉप पर कायम हैं। न्यूजीलैंड की अमिलिया कर दूसरे नंबर पर हैं।

श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्ठू तीसरे, आयरलैंड की ऑर्ला प्रेंडरगास्ट पांचवें और पाकिस्तान की फातिमा सना छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर मारीजान कैप भारत के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद पांच स्थान की छलांग लगाकर नौवें नंबर पर पहुंच गई हैं। उन्होंने 81 रन बनाने के साथ 2 विकेट लिए थे।

# वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया की 3 नंबर जर्सी मिली

## कहा- खुशी बयां करने के लिए शब्द नहीं, आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे पर रवाना

वैभव सूर्यवंशी सीनियर टीम इंडिया के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर मंगलवार को रवाना हो गए। बीसीसीआई की ओर से उन्हें 3 नंबर जर्सी होटल भिजवाई गई, जिसे सूर्यवंशी काफी देर तक देखते रहे।

सूर्यवंशी को जर्सी भारतीय टीम में थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट रघु ने सौंपी। सूर्यवंशी ने सबसे पहले रघु के पैर छूए और उन्हें प्रणाम किया, फिर जर्सी ली। इस पूरी घटना को कैमरे में रिकॉर्ड भी किया गया।

### सूर्यवंशी बोले- आज वह सपना पूरा हो गया

इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। जिस दिन पहली बार बल्ला थामकर मैदान पर कदम रखा था, आज वह सपना पूरा हो गया है। यह मेरे अब तक के करियर का सबसे बड़ा कदम है और इस अहसास को शब्दों में बयां करना नामुमकिन है।

**सूर्यवंशी पहली बार नेशनल टीम में**-15 साल के सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय टीम में जगह दी गई है। देश की नेशनल टीम में सिलेक्ट होने वाले वे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम का आयरलैंड दौरा 26 जून से शुरू हो रहा है और इंग्लैंड दौरा 1 जुलाई से शुरू होगा।



# 27 करोड़ के पंत 15 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स लौटे

## 13.50 करोड़ में कुलदीप लखनऊ में शामिल, दोनों टीमों के बीच ट्रेड हुआ

आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स में वापसी हो गई है, जबकि स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच यह ट्रेड हुआ है। इस आईपीएल के बाद पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ दी थी।

लखनऊ ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन में पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था, जो आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली थी। अब ट्रेड के बाद वे 15 करोड़ रुपए की फीस पर दिल्ली से जुड़े हैं। वहीं, कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपए की अपनी मौजूदा फीस पर लखनऊ में शामिल हुए।

### पंत पहले भी 9 सीजन दिल्ली के लिए खेले

पंत एक बार फिर उसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं, जहां उन्होंने साल 2016 से 2024 के बीच अपने करियर के 9 सीजन बिताए थे। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत ने अब तक कुल 111 मैच खेले हैं। उन्होंने तीन सीजन में 43 मुकाबलों में दिल्ली की कप्तानी भी की। हालांकि 2025 मेगा ऑक्शन से पहले त्नस्न्क ग्रुप के साथ कुछ मतभेदों के बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया था।

### 5 सीजन बाद दिल्ली कैपिटल्स से अलग हुए कुलदीप यादव

इस ट्रेड में कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स का साथ छोड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल हो गए हैं। कुलदीप का दिल्ली के साथ 5 सीजन का एक बेहद सफल सफर रहा है, जो अब इस ट्रेड के साथ समाप्त हो गया है। कुलदीप साल 2022 में दिल्ली की फ्रेंचाइजी से जुड़े थे। तब से लेकर अब तक उन्होंने टीम के लिए 65 मैचों में 72 विकेट अपने नाम किए हैं।

यह बदलाव कुलदीप के लिए भी एक तरह से घर वापसी जैसा होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट उत्तर प्रदेश से खेला है, जबकि पंत दिल्ली के खिलाड़ी रहे हैं।

### पंत का प्रदर्शन रहा ट्रेड की वजह

पंत के ट्रेड की आधिकारिक वजह नहीं बताई गई है। हालांकि, इसके पीछे उनका कप्तान और खिलाड़ी के रूप में प्रदर्शन एक कारण माना जा रहा है। आईपीएल 2026 में लखनऊ पॉइंट्स टेबल में आखिरी 10वें और 2025 में 7वें स्थान पर रही। पंत टीम के कप्तान थे, इसलिए मैनेजमेंट बदलाव चाहता था। वहीं, 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कीमत के मुकाबले उनका प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्होंने लखनऊ के लिए दो सीजन में 28 मैच खेलकर 581 रन बनाए।




### वेंकटेश के सबसे ज्यादा पैसे कटे थे

वेंकटेश अय्यर के नाम आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा पे-कट दर्ज है। कोलकाता ने उन्हें 2025 मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन अगले ही सीजन आरसीबी ने सिर्फ 7 करोड़ रुपए में साइन किया। इससे उनकी सैलरी में 16.75 करोड़ रुपए की कमी आई। यह आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी वेतन कटौती है। दूसरे नंबर पर सैम करन हैं। पंजाब किंग्स ने उन्हें 2024 में 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन 2025 में चेन्नई ने सिर्फ 2.4 करोड़ रुपए में साइन किया। यानी करन की सैलरी में 16.1 करोड़ रुपए की गिरावट आई।

# नीतीश रेड्डी चोट के कारण आयरलैंड-इंग्लैंड सीरीज से बाहर

## सूर्यांश शेडगे को मौका; मुश्ताक अली ट्रॉफी में रहा था 251.92 का स्ट्राइक रेट

आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और पार्ट-टाइम गेंदबाज सूर्यांश शेडगे को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी चोट के कारण दोनों सीरीज से बाहर हो गए हैं।

भारतीय टीम 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 मैच खेलेगी। इसके बाद 1 से 19 जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी।

### अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे के बाद हुई चोट

नीतीश को 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे के बाद बाईं जांघ में दर्द महसूस हुआ था। इसके बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनकी जांच की। मेडिकल असेसमेंट के बाद उन्हें कुछ समय के लिए क्रिकेट से दूर रहने और नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब करने की सलाह दी गई है। इसी वजह से वे आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### इंडिया-ए में अच्छे प्रदर्शन का मिला इनाम

सूर्यांश शेडगे हाल ही में श्रीलंका में खेली गई ट्राई-सीरीज में इंडिया-ए का हिस्सा थे। उन्होंने 5 मैचों में 147 रन बनाए। इसके अलावा गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 23 ओवर फेंके और महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते उन्हें सीनियर टीम में जगह मिली है।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 251.92 का स्ट्राइक रेट

मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सुर्यांश ने 2024-25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। मुंबई की खिताबी जीत में उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने लोअर-मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हुए 251.92 के स्ट्राइक रेट से 131 रन बनाए थे। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी को देखते हुए चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम में शामिल किया है।

### आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम

**श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे,, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव, सुर्यांश शेडगे।**

## तेज धूप के कारण बांहें (आर्म्स) हो गई हैं काली, तो इन घरेलू उपायों से दूर करें कालापन

महिलाएं अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए काफी मेहनत करती है। गर्मियों के दिनों में ये काफी मुश्किल हो जाता है। धूप के कारण आपकी स्किन टैन हो जाती है और त्वचा का रंग काला पड़ जाता है। ऐसे में त्वचा की असमान रंगत आपका आत्मविश्वास कम कर सकती है। साथ ही अगर आप अपने आर्म्स के टैन को नजरअंदाज करते हैं, तो इससे ये समस्या धीरे-धीरे और गंभीर हो सकती है और आपके आर्म्स का रंग धीरे-धीरे खराब हो जाता है। फिर आप फैशनेबल कपड़े पहनने या फिर स्लीव ऊपर करने में भी शर्म आती है। इसलिए हमें अपने चेहरे के साथ-साथ अपने आर्म्स को भी खूबसूरत बनाने के बारे में सोचने चाहिए ताकि आपका शरीर बेदाग और खूबसूरत नजर आए।



### एलोवेरा जेल

एलोवेरा आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसे आप अपनी बांह पर लगाकर रात में सो भी सकते हैं। इससे धीरे-धीरे स्किन का कालापन ठीक होने लगता है। साथ ही स्किन मुलायम और हाइड्रेट नजर आती है। इसके अलावा टैन दूर हो सकता है।

### कैसे करें इस्तेमाल

- आप एक चम्मच एलोवेरा जेल लेकर इसमें दो चम्मच बेसन पाउडर मिला लें।
- इसके बाद इसे अच्छे से आर्म्स पर लगा लें। फिर इसे कुछ देर सूखने दें।
- उसके बाद कॉटन से धीरे-धीरे साफ करके निकाल लें।
- इससे आर्म्स का टैन दूर हो सकता है। स्किन का रंग साफ नजर आता है।

### नींबू

नींबू नैचुरल ब्लीचिंग के रूप में काम करता है। यह आपकी स्किन के टैन को खत्म कर सकता है। साथ ही इसमें पाया जाने वाला विटामिन सी आपकी स्किन में निखार लाता है और साथ ही गर्मियों में स्किन को हाइड्रेट भी रख सकता है। यह स्किन के कालेपन को दूर करता है। स्किन ग्लोइंग और निखरी नजर आती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

- इसके लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर अपने आर्म्स पर लगा सकते हैं। इससे आपके आर्म्स का कालापन दूर हो सकता है।
- आप एक चम्मच नींबू और आधा चम्मच हल्दी का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही आप इसमें शहद की कुछ मात्रा भी मिला सकते हैं।
- इसे हाथों पर 20 मिनट के लिए सूखने दें और पानी से साफ कर लें।
- इस उपाय को आप रोजाना गर्दन, कोहनी और बाजू पर कर सकते हैं।

### टमाटर

टमाटर में कई पौष्टिक गुण पाए जाते हैं। इसमें नैचरल स्किन ब्लीचिंग एजेंट होते हैं, जो आपकी स्किन को साफ करने के साथ-साथ टैन को भी दूर कर सकते हैं। टमाटर में एसिड, टैनिग और एंटीऑक्सीडेंट जैसे गुण होते है, जो त्वचा की गंदगी साफ करने के लिए और कालेपन को दूर करने के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

### कैसे करें इस्तेमाल

- इसके लिए सबसे पहले आप टमाटर को अच्छे से मिक्सर में पीस लें।
- फिर इसे आप अपने आर्म्स, गर्दन, और कोहनी पर अच्छे से मसाज करते हुए लगाएं।
- 20 मिनट तकइस पैक को  लगा रहने दें।
- उसके बाद अपने आर्म्स, गर्दन और कोहनी को धो लें।

## ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए इन बातों का जरूर रखें ध्यान



खराब दिनचर्या, गलत खानपान और तनाव के चलते हाइपरटेंशन अथवा उच्च रक्तचाप आजकल आम समस्या बन गई है। इस बीमारी में दिल की धमनियों में रक्त संचरण बड़ी तेजी से होने लगता है। इससे शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं, पीड़ित व्यक्तिको थकान, सीने में दर्द, सिर में तेज दर्द और सांस लेने मे तकलीफ होती है। विशेषज्ञों की मानें तो 30 साल से अधिक उम्र के लोगों को नियमित रूप से उच्च रक्त चाप की जांच करानी चाहिए। सामान्यत: 140/90 से ऊपर के रक्तचाप को हाइपरटेंशन कहा जाता है। जबकि, 180/120 से ऊपर के दबाव को खतरनाक माना जाता है।

**नमक का सेवन कम करें :** डॉक्टर्स हमेशा ब्लड प्रेशर के मरीजों को सोडियम युक्त चीजों को कम खाने की सलाह देते हैं। पीड़ित व्यक्ति खाने में नमक की मात्रा कम कर उच्च रक्तचाप को कंट्रोल कर सकता है। हालांकि, व्यक्ति विशेष पर सोडियम का प्रभाव अलग रहता है। तली-भुनी चीजों का कम से कम सेवन करें। नमकीन चीजों को खाने से परहेज करें।

**पोटेशियम :** हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो पोटेशियम रिच फूड खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। साथ ही पोटेशियम के अधिक सेवन से सोडियम की मात्रा कंट्रोल में रहती है। इसके लिए डाइट में पोटेशियम युक्त चीजों को अवश्य शामिल करें।

**शराब :** शराब का सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक होता है। वहीं, धूम्रपान करने से कई बीमारियां होती हैं। इसके लिए ब्लड प्रेशर से पीड़ित व्यक्ति को शराब का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, स्मोकिंग यानी धूम्रपान भी न करें।  वहीं, रोजाना कसरत और योग जरूर करें।

# लंबे समय तक जवां रहना चाहते हैं तो भूलकर भी न खाएं ये फूड्स

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो सकता है जो जल्दी बूढ़ा होना चाहता है। हम सभी चाहते हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा समय तक जवां रहें। बुढ़ापा हमारे जीवन का एक अपरिहार्य हिस्सा है, और आप इससे बच नहीं सकते हैं। हालांकि, आप एजिंग में देरी जरूर कर सकते हैं। बुढ़ापे से बचने और लंबे समय तक जवां रहने के लिए लोग महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। लेकिन ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी एजिंग के लक्षणों से बचने में एक हद तक की मदद कर सकते हैं। लंबे समय तक जवां रहने के लिए सबसे आसान जो हम कर सकते हैं वह है हेल्दी फूड्स का सेवन। संतुलित आहार लेने सेहत को कई लाभ मिलते हैं, साथ ही यह आपकी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोग कुछ ऐसे फूड्स का सेवन करते हैं, जो न सिर्फ आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी तेज करते हैं और आपको जल्दी बूढ़ा बनाते हैं। लंबे समय तक जवां रहने के लिए इन फूड्स से दूरी बनाना बहुत जरूरी है।



**अल्कोहल का अधिक सेवन से बचें :** जब आप अल्कोहल का अधिक सेवन करते हैं तो यह शरीर में डिहाइड्रेशन का कारण बनता है। जिससे स्किन ड्राई होने लगती है और त्वचा मुंहासे और कई अन्य समस्याएं भी होती हैं। साथ ही शराब पीने से त्वचा की लोच कम हो जाती है और आपके शरीर में कोलेजन प्रोटीन का उत्पादन कम हो जाता है। बता दें कि त्वचा टाइट रखने के लिए कोलेजन बहुत जरूरी है। इसके अलावा शराब का सेवन आपके लिवर को भी प्रभावित करता है। शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने के लिए लिवर का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। अगर यह ठीक तरह से काम नहीं करता है तो इसका सीधा असर आपकी त्वचा पर देखने को मिलता है।

**प्रोसेस्ड और जंक फूड्स का सेवन :** प्रोसेस्ड और जंक फूड्स का सेवन आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। इनमें नमक की मात्रा बहुत अधिक होती है। नमक में मौजूद सोडियम शरीर में सूजन और वॉटर रिटेंशन का कारण बनता है। ऐसे कई फूड्स हैं जिनमें बहुत अधिक नमक होता है जैसे पिज्जा, पास्ता, चिप्स आदि। यह आपकी कोशिकाओं को श्रिंक करता है और डिहाइड्रेशन का कारण बनता है। साथ ही जब आप ज्यादा नमक युक्त फूड्स का अधिक सेवन करते हैं तो इससे आपका चेहरा भी फूला हुआ नजर आता है। साथ ही चेहरे पर थकान दिखाई देती है। यह आपकी त्वचा पर झुर्रियों और महीन रेखाओं को ट्रिगर करता है।

**हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स :** अगर आप हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स का अधिक सेवन करते हैं तो यह आपके शरीर में सूजन को ट्रिगर करता है। हम में से ज्यादातर लोग ब्रेकफास्ट या सैंडविच आदि में सफेद ब्रेड का बहुत सेवन करते हैं। इस तरह के फूड्स आपकी त्वचा के लिए बहुत नुकसानदायक होते हैं। इसलिए आपको ऐसे फूड्स से बचना चाहिए और हेल्दी फूड्स के विकल्प ढूंढने चाहिए।

**मीठे फूड्स :** अगर आप ऐसे फूड्स का सेवन करते हैं जिनमें चीनी बहुत अधिक मात्रा में होती है तो आपको सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि यह आपको जल्दी बूढ़ा बना सकता है। मीठे खाद्य पदार्थ खासकर जिनमें रिफाइंड शुगर का प्रयोग किया जाता है आपकी त्वचा में कोलेजन को प्रभावित करता है। साथ ही यह वजन बढ़ाने के साथ ही त्वचा की कई समस्याओं को भी ट्रिगर करते हैं जिससे जल्दी बुढ़ापा आता है।

**सोडा ड्रिंक और चाय-कॉफी का अधिक सेवन :** चाय-कॉफी, सोडा और अन्य कार्बोनेटेड ड्रिंक्स में कैफीन की बहुत अधिक मात्रा होती है। साथ ही इनमें चीनी का उपयोग भी बहुत होता है। यह आपकी स्लीप साइकल को प्रभावित करता है और आपको एक अच्छी नींद लेने से रोकता है। अगर आप रात को ठीक से सो नहीं पाते हैं तो इसका असर आपकी त्वचा पर साफ दिखाई पड़ता है। यह त्वचा पर झुर्रियों, काले घेरे और फाइन लाइन्स जैसे समस्याओं का कारण बनता है। इसलिए इसको कम से कम सेवन करने की कोशिश करें।

# आंखों पर स्लीपिंग मास्क लगाकर सोने से मिलते हैं ये फायदे, आती है अच्छी और गहरी नींद

हमारी आंखों को पूरा दिन कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाहर प्रदूषण और पूरा दिन फोन-लैपटॉप पर चिपके रहने के चलते हमारी आंखों को काफी नुकसान पहुंचता है। साथ ही ड्राई आई की समस्या भी हो जाती है। वजह से कई बार उन्हें ड्राई आई की भी समस्या हो जाती है। साथ ही हम में से बहुत से लोग इन दिनों ठीक से नींद ना आने की समस्या से भी जूझ रहे हैं। जबकि सेहतमंद रहने के लिए पर्याप्त और अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। जब हम रात में एक अच्छी नींद लेते हैं तो सुबह तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं आंखों पर स्लीपिंग मास्क लगाकर सोना न सिर्फ आपकी आंखों को स्वस्थ रखने कमें मदद करता है, बल्कि यह आपकी नींद से जुड़ी समस्याओं को दूर करके अच्छी नींद लेने में भी मदद करता है। साथ ही इसके स्वास्थ संबंधी कई अन्य लाभ भी हैं। इन दिनों स्लीपिंग मास्क लगाकर सोना काफी ट्रेंड में है, लेकिन हम में से ज्यादातर लोग इसके फायदों के बारे में नहीं जानते हैं।



**मस्तिष्क शांत होता है :** जब आप स्लीपिंग मास्क पहनकर सोने की कोशिश करते हैं तो यह आपकी मेंटल हेल्थ पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। यह न सिर्फ तनाव और अवसाद को कम करने में मदद करता है, बल्कि नींद की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है। स्लीपिंग मास्क पहनने के बाद आप काफी आरामदायक महसूस करते हैं। यह चिंता को कम करने में मदद करता है और आपको शांत रखता है।

**देर से नींद आने की समस्या दूर होती है :** कुछ लोग सोने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन उन्हें बहुत-बहुत देर तक नींद नहीं आती है। वे बेचैन रहते हैं और उनका मन भटकता रहता है। वे सिर्फ करवटें बदलते रहते हैं। जल्दी सोने के लिए शरीर में मेलाटोनिन का पर्याप्त स्तर होना बहुत जरूरी है। जब आप अंधेरे में होते हैं तो शरीर में मेलाटोनिन का स्तर बढ़ता है। यही कारण कि जब आप सोते समय स्लीपिंग मास्क पहनते हैं तो इससे आपकी आंखों के आगे अंधेरा हो जाता है, जिससे आपको जल्दी सोने में मदद मिलती है।

**अच्छी नींद आती है :** बहुत से लोगों को नींद ठीक से नहीं आती है, साथ ही रात में कई बार उनकी खुलती रहती हैं और बेचैनी का अनुभव करते हैं। एक्सपर्ट्स की मानें तो हमारी आंखों की रेटिनी के नीचे जो कोशिकाएं होती हैं वे प्रकाश के प्रति संवेदनशील होती हैं। यही हमें दिन और रात के अंतर को समझाते हैं। अगर आप स्लीप मास्क पहनकर सोते हैं तो आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है, साथ ही अच्छी और गहरी नींद लेने में मदद मिलती है।

### आंखों को नुकसान पहुंचने से बचाता है

आप पूरा दिन धूप, मोबाइल, लैपटॉप और टेलीविजन आदि के सामने समय बिताते हैं। इनसे निकलने वाली किरणें आपकी आंखों को बहुत नुकसान पहुंचाती हैं। इसलिए रात में इनके प्रयोग से बचने की सलाह दी जाती है। लेकिन कई बार परिवार के अन्य सदस्य इन उपकरणों का प्रयोग करते रहते हैं, जो आपकी आंखों को भी प्रभावित कर सकता है। इस स्थिति में स्लीपिंग मास्क पहनना आपकी आंखों को नुकसान से बचाता है।

### त्वचा को भी लाभ मिलता है

स्लीप मास्क पहनकर सोने का फायदा आपकी त्वचा को भी मिलता है। क्योंकि इससे आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है और आप सुबह फ्रेश महसूस करते हैं। एक अच्छी नींद का असर आपकी त्वचा पर साफ दिखाई पड़ता है। इससे त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे काले घेरे, झुर्रियां, महीन रेखाएं और आई बैग जैसी समस्याएं कम होती हैं और आपकी त्वचा जवां नजर आती है।

## चेहरे पर दिख रहे ये बदलाव देते हैं हार्ट अटैक का संकेत, तुरंत हो जाएं अलर्ट

आजकल की बदलती जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों की वजह से बड़ी तादाद में लोग दिल की बिमारियों से ग्रस्त हैं। हमारा दिल हमारे शरीर का सबसे महत्पूर्ण अंग है और इसका स्वस्थ रहना बहुत जरुरी है। लेकिन अपनी व्यस्त जीवनशैली में हम अक्सर अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करते हैं। इसके कारण हमारा दिल कमजोर होने लगता है। हालाँकि, जब भी हमारा दिल बीमार होता है तो हमारा शरीर हमें कुछ संकेत देता है। हार्ट अटैक में सीने में दर्द होना, कमजोरी महसूस होना, जबड़े और गर्दन में दर्द होना और सांस लेने में कठिनाई महसूस होना आदि जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।



### आंखों के आसपास कोलेस्ट्रॉल जमा होना

अगर आंखों और पलकों के आसपास कोलेस्ट्रॉल जमा होने लगे तो यह भी दिल की बीमारी का संकेत हो सकता है। मेडिकल भाषा में इसे Xanthelasma कहते हैं। यह खून मे असामान्य लिपिड स्तर से जुड़ा होता है, जिसे डिस्लिपिडेमिया कहते हैं। डिस्लिपिडेमिया से धमनियों की दीवारों पर कोलेस्ट्रॉल के निर्माण का खतरा अधिक रहता है। इससे हृदय, मस्तिष्क और शरीर के अन्य अंगों में रक्त का प्रवाह प्रतिबंधित हो सकता है। जिससे स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता हैं।

### गंजापन

घटती हेयरलाइन और सिर में गंजेपन हृदय रोग का संकेत हो सकता है। खासतौर पर हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल से ग्रस्त लोगों में गंजापन दिल की बीमारी के जोखिम का कारक हो सकता है। एक शोध के अनुसार, हाई कोलेस्ट्रॉल और सिर में गंजापन वाले पुरुषों में हाई कोलेस्ट्रॉल वाले पुरुषों की तुलना में हृदय रोग का जोखिम लगभग तीन गुना बढ़ गया था।

### ईयरलोब क्रीज

ईयरलोब क्रीज भी उम्र बढ़ने और कोरोनरी हार्ट डिजीज से जुड़ा होता है। ईयरलोब में दरारें उन लोगों में ज्यादा देखने को मिलती हैं जिनमें हार्ट अटैक के लक्षण दिख रहे हों। एक शोध के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं में ईयरलोब क्रीज और मृत्यु के हृदय संबंधी कारणों के बीच एक मजबूत संबंध पाया गया।

## तनाव ही नहीं झड़ते बालों की समस्या से भी छुटकारा देगा कैक्टस ऑयल



किसी भी व्यक्ति की खूबसूरती को बढ़ाने में उसके सुदंर काले लंबे बालों का बहुत बड़ा हाथ होता है। लेकिन आजकल हर दूसरा व्यक्ति बालों के झड़ने से परेशान है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो मंहगे हेयर ऑयल नहीं बल्कि कैक्टस तेल आपकी समस्या को दूर कर सकता है। कैक्टस ऑयल में फिनोल, फैटी एसिड, फाइटोस्टेरॉल, विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सिडेंट जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। जो स्कैल्प साफ रखने के साथ संक्रमण को भी दूर करने में भी मदद करते हैं। इसका यूज करके आप अपने बालों को लंबा और घना बना सकते हैं।

**झड़ते बालों की समस्या करें दूर :** बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए ओमेगा फैटी एसिड बेहद जरूरी होता है। इसकी मदद से बालों का झड़ना कम किया जा सकता है। कैक्टस में पाया जाने वाले ओमेगा -6, जिसे लिनोलिक एसिड भी कहा जाता है, बालों को जड़ को मजबूत बनाने के साथ चमकदार भी बनाता है। बालों का झड़ना रोकने के लिए आप रात को अपने बालों में कैक्टस का तेल लगाकर सो जाए। सुबह उठते ही किसी माइल्ड शैम्पू से अपने बालों को धो लें।

**डैंड्रफ रखे दूर :** बालों के झड़ने की एक वजह रूसी भी होती है। इसकी वजह से बालों में खुजली और जलन की समस्या हो सकती है। ऐसे में कैक्टस ऑयल में पाए जाने वाले एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण स्कैल्प को खुजली और संक्रमण से निजात दिलाने में मदद करते हैं। डैंड्रफ को दूर रखने के लिए आप कैक्टस के तेल में आधा नींबू काटकर मिला लें। अब इस तेल से स्कैल्प पर 15 मिनट तक मसाज करने के बाद बाल अच्छी तरह धो लें।

**तनाव रखें दूर :** मानसिक तनाव से शरीर में कई बीमारियां जन्म लेती हैं। कैक्टस का तेल इस समस्या से भी निजात दिलाने में सहायक है। इसमें मौजूद स्ट्रेस रिलीफ़ प्रॉपर्टीज अच्छी नींद और तनाव से मुक्ति दिलाने में मदद करती है। इसके लिए आप कैक्टस ऑयल को थोड़ा गर्म करके उसे ठंडा होने दें। फिर बालों में अच्छे से मसाज करते हुए लगाएं। ऐसा करने से बालों की जड़ों को आराम मिलता है और व्यक्ति का तनाव भी दूर होता है।

**दोमुंहे बालों से छुटकारा :** दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने के लिए आप कैक्टस तेल को अच्छे से बालों की जड़ से सिरे तक लगाएं और बालों की मसाज कर इसे आधा घंटे बाद बाल धो लें।

# चेहरे का फैट कम करना है तो फ्री-टाइम में बैठे-बैठे करें ये एक्सरसाइज, मिलेगा फायदा

अक्सर हम देखते हैं कि कुछ लोगों का शरीर तो पतला होता है, लेकिन उनके गाल और उसके आस पास का हिस्सा अधिक भारी होता है। जब शरीर का वजन बढ़ना शुरू होता है, तो उसका असर सबसे पहले आपकी त्वचा पर दिखने लगता है। आपके गाल मोटे होना शुरू हो जाते हैं और ठुड्डी के नीचे भी फैट बढ़ने लगता है। यह फैट आपके गालों की त्वचा और जबड़े के नीचे के हिस्से में बढ़ना शुरू होता है। इस जिद्दी चर्बी से छुटकारा पाने और चेहरे को पतला करने के लिए लोग संतुलित आहार लेने से लेकर एक्सरसाइज तक काफी कुछ ट्राई करते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके पूरे शरीर का वजन कम होने लगता है। ऐसे में सवाल यह है  कि फेशियल फैट से छुटकारा कैसे पाया जा सकता है? फेशियल फैट को कम करने लिए आपको चेहरे की एक्सरसाइज करने की जरूरत है। हां, यह सही है कि संतुलित आहार और एक्सरसाइज करने से शरीर में जिद्दी चर्बी से छुटकारा पाने में मदद मिलती है, लेकिन जब फेशियल फैट की बात आती है तो इससे छुटकारा पाने के लिए आपको कुछ फेशियल एक्सरसाइज करने की भी जरूरत होती है। इससे आपको बेहतर और इंस्टेंट परिणाम मिलते हैं।



**फेशियल फैट कम करने के लिए चबाएं च्यूइंग गम :** चेहरे के आसपास जमा चर्बी को कम करने का सबसे आसान तरीका है खाली टाइम में च्यूइंग गम चबाना। आपको फेशियल फैट को कम करने के लिए रोजाना कम से कम 15-20 मिनट च्यूइंग गम जरूर चबानी चाहिए। आप दिन में 2 बार ऐसा कर सकते हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपको शुगर फ्री गम चबानी चाहिए।

**मछली के चेहरे की नकल करें :** फेशियल फैट को कम करने के लिए यह बेहद प्रभावी एक्सरसाइज है। इसे करना भी बहुत आसान है। इसके लिए आपको अपना मुंह बंद करना है, फिर अपने गालों को अंदर की ओर खींचते हुए मछली के जैसे चेहरे बनाना है। अपने गालों को जितना हो सके अंदर की ओर खींचें या चूसें। उसके बाद आपको इस पोजीशन में रहते हुए हंसने की कोशिश करनी है। कोशिश करें कि आप 10-15 सेकंड इस मुद्रा को होल्ड रखें। जब आपको लगे की आपके जबड़े में जलन हो रही है या दर्द रहा है तो मुद्रा को छोड़ दें और आरामदायक स्थिति में वापस आजाएं। आप इस एक्सरसाइज को 4-5 बार जरूर दोहराएं।

**बार-बार गालों को फुलाएं और वापस छोड़ें :** यह फेशियल फैट कम करने का बेहद मजेदार तरीका है। हम सभी ने बचपन में इसे खूब किया है। बस आपको गहरी सांस लेते हुए अपने मुंह में हवा भरनी है और गालों को फुलाना है। कम से 10 सेकंड हवा को मुंह के अंदर रोकने की कोशिश करें। फिर हवा को बाईं ओर दस सेकंड के लिए रोकें और इसी तरह दाईं ओर भी करें। उसके बाद हवा को बाहर की ओर छोड़ें। इसे भी कम से कम 5 बार जरूर दोहराएं।

**भौंहें ऊपर-नीचे करें :** अपनी दोनों भौहों के किनारे पर उंगली रखें और भौहों को ऊपर-नीचे करें। लगातार ऐसा करते रहें। आपको 1 बार में कम से 30 सेकंड के लिए ऐसा करना है। इसे कम से कम 3 बार जरूर दोहराएं।

## ढोल-नगाड़ों के साथ खुले बाबा महाकाल के कपाट, त्रिशूल, त्रिपुण्ड से हुआ श्रृंगार



उज्जैन (एजेंसी)। श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। इस दौरान बाबा महाकाल के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। मंगलवार तड़के भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेने के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ बाबा महाकाल के कपाट खोले गए। महाकाल मंदिर के पट खुलने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल, त्रिपुण्ड और ड्रायफ्रूट से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। पहले महाकाल को शमशान की राख अर्पित की जाती थी लेकिन अब विशेष रूप से कपिला गाय के गोबर और औषधीय जड़ी-बूटियों से तैयार भस्म का इस्तेमाल होता है। भस्म आरती के दौरान पुरुषों के लिए पारंपरिक धोती-सोला और महिलाओं के लिए साड़ी पहनना जरुरी है। बाबा महाकाल की आरती देखने बड़ी हस्तियां भी आती हैं। इस दौरान मंदिर के आसपास व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है।

## 10 साल की मासूम से रेप, हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में गुब्बारे बेचने वाली 10 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह फुटपाथ पर सो रही बच्ची का टैक्सी ड्राइवर ने किडनैप किया था। इसके बाद उसने उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगलों में फेंक दी थी। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे परिवार ने पीसीआर कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से चार घंटे में ही बबलू नाम के टैक्सी ड्राइवर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## ममता बनर्जी की शिकायत पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दिया आदेश

### -भवानीपुर के ईवीएम-वीवीपैट सुरक्षित रखे जाएं, जरूरत पडने़ पर जांच होगी

कोलकाता (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट के रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों पर सुनवाई की। कोर्ट ने मतगणना से जुड़े सभी अहम साक्ष्य सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट, सीसीटीवी फुटेज और अन्य संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित रखे जाएं। जरूरत पडने़ पर उनकी जांच होगी। जस्टिस गौरांग कांत ने मतगणना केंद्र रहे शेखावाटी मेमोरियल स्कूल के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया। अदालत ने मामले में सभी संबंधित पक्षों को शामिल करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री शुभेंदु उनके सलाहकार सुभ्रत गुप्ता और सुनील अग्रवाल को पक्षकार बनाने का आदेश दिया गया है। भवानीपुर सीट पर शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व सीएम ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया था।

## एक मोबाइल नंबर से खुला 3000 करोड़ का फर्जीवाड़ा

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ में सगे भाइयों द्वारा 3000 करोड़ से अधिक के विशाल फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। संगठित गिरोह ने बिना किसी वास्तविक खरीद-बिक्री के, केवल कागजों पर हजारों करोड़ का टर्नओवर दिखाया। आरोप है कि उन्होंने गरीब और ज़रूरतमंद लोगों के आधार, पैन और वोटर आईडी का दुरुपयोग कर 27 फर्जी कंपनियाँ बनाईं। इन कागजी कंपनियों के ज़रिए 720 करोड़ के फर्जी बिल काटे गए, जिससे सरकार से 108 करोड़ का अनुचित टैक्स लाभ लिया। हैरान करने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल का भंडाफोड़ किसी मुखबिर ने नहीं, बल्कि अलग-अलग कंपनियों में इस्तेमाल हो रहे एक ही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी ने किया। कुल 25 बैंक खातों से 3089 करोड़ नकद निकाले गए। यह घोटाला 2018 से 2024 तक चलता रहा। बैंक अधिकारियों की सूचना पर 2024 में डीजीजीआई ने जाँच शुरू की और 9 अक्टूबर 2024 को रेड कर मास्टरमाइंड भाइयों को गिरफ्तार किया। 9 महीने जेल में रहने के बाद उनकी जमानत हो गई। इसके उपरांत ईडी ने मामले की गहनता से जाँच की और 19 जून 2026 को लुधियाना पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी। कमिश्नर के आदेश पर अमित गोयल सहित पाँच नामजद आरोपियों और कुछ अज्ञात के खिलाफ थाना जमालपुर में एफआईआर दर्ज की गई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्रव्यापी श्रद्धांजलि, पीएम मोदी, सीएम सुवेंदु ने किया याद

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम अधिकारी ने दक्षिण कोलकाता स्थित केओरतला श्मशान घाट में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें एक विशिष्ट राष्ट्रभक्त, विद्वान और राजनेता बताया, जिन्होंने अपना जीवन भारत के विकास के लिए समर्पित किया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनकी अटूट निष्ठा, साहस और राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने भी कोलकाता में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन 23 जून,1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में श्रीनगर की एक जेल में हुआ था। उन्हें बिना परमिट जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# हमने तमिल लोगों के दिलों में जगह बनाने कितना संघर्ष किया...अब यहां पर हैं

### -तमिलनाडु के सीएम विजय ने विधानसभा में आलोचकों को दिया करारा जवाब



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने उन आलोचकों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने उनकी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) को एक्टर की पार्टी कहा है। मंगलवार सुबह विधानसभा में दिए भाषण में उन्होंने अप्रैल-मई के चुनावों में टीवीके की सफलता की ओर इशारा करते हुए आलोचकों को याद दिलाया कि उनकी पार्टी कितनी सफल रही है। अपने दमदार भाषण में उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। केंद्र सरकार का गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपना और नीट को खत्म करने की मांग। उन्होंने टीवीके की राजनीतिक ताकत और अपनी प्रशासनिक समझ पर शक करने वालों और आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लिया।

विजय ने विधानसभा को याद दिलाया कि उनकी पार्टी ने साजिशों और पाबंदियों का सामना किया है और न तो पार्टी और न ही उनका खुद का इरादा कभी खत्म होने का है। उन्होंने कहा कि हमें आसानी से सत्ता नहीं मिली। सिर्फ हम ही जानते हैं कि तमिल लोगों के दिलों में जगह बनाने के लिए हमने कितना संघर्ष किया। कुछ लोग ऐसा दिखावा करते हैं जैसे वे समझते नहीं हैं और हमारी आलोचना करते हैं, कहते हैं वह तो बस एक एक्टर की पार्टी है।

सीएम विजय ने कहा कि हम ऐसी आलोचनाओं की परवाह नहीं करते। हमारी राजनीति साफ़-सुथरी है। हमें 35 फीसदी वोट मिले। कुछ लोग कहते हैं कि हम बहुत आसानी से सत्ता में आ गए... लेकिन हमने साजिशों और पाबंदियों का सामना किया। हमने हर चीज़ का सामना किया...और आज हम यहां पर हैं। अभी लंबा सफ़र तय करना है। नीट जो देश में मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एक ही क्वालिफाइंग परीक्षा है इस पर चल रहे विवाद पर विजय ने कहा कि यह सिस्टम असमानता पैदा करता है और उन्होंने इसे खत्म करने की मांग की।

पिछले कुछ सालों में नीट परीक्षा विवादों का केंद्र रही है, जिसमें परीक्षा के दबाव के कारण छात्रों की आत्महत्या से लेकर प्रश्न पत्रों के लीक होने तक की घटनाएं शामिल हैं, जिन्होंने देश में चिकित्सा शिक्षा की विश्वसनीयता को धूमिल किया है। तमिलनाडु ने बार-बार परीक्षा रद्द करने और 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर सीटें आवंटित करने की मांग की है और हिंदी को थोपने के मुद्दे पर दक्षिणी राज्य में एक संवेदनशील मुद्दा है और जिस पर अतीत में हिंसक दंगे भी हुए हैं। नए सीएम विजय ने जोर देकर कहा कि मौजूदा दो-भाषा नीति, यानी तमिल और अंग्रेजी पर्याप्त है।

## ईरान जंग में इजराइल-अमेरिका से ज्यादा भारतीय मरे

### -अमेरिका के 13, इजराइल के 24 तो भारत के 25 लोग मारे गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान युद्ध में इजराइल और अमेरिका से ज्यादा भारतीय नागरिक मारे जा चुके हैं। वो भी तब, जब भारत इस जंग में किसी भी तरह से शामिल नहीं है। सोमवार (22 जून) को कतर के रास लाफान पर हमले में 12 भारतीयों की मौत हो गई, जिसके बाद युद्ध की चपेट में आने से मरने वाले भारतीयों की संख्या 25 पर पहुंच गई है। वहीं इस युद्ध में अमेरिका के 13 तो इजराइल के 24 नागरिक मारे गए हैं। युद्ध में इजराइल के हमले से सबसे ज्यादा लेबनान के 4 हजार और ईरान के 3600 लोग मारे गए हैं। 28 फरवरी को जंग की शुरुआत हुई थी। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई से लेकर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख मोहम्मद पाकपूर और ईरान सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी तक की हत्या हो चुकी है। कतर के रास लाफान के अलावा भारत के 6 नागरिक होर्मुज में मारे गए। इनमें 3 नागरिकों की मौत अमेरिकी हमले में हो गई। भारत ने इसको लेकर अमेरिका के खिलाफ कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। खुद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री को फोन कर इस पर प्रतिरोध जताया था। इसके अलावा कतर में ही पिछले दिनों एक हमले में एक भारतीय की मौत हो गई थी। एक भारतीय की मौत कुवैत में ईरान के हमले के दौरान हो गई थी। यूएई में भी भारतीय मारे जा चुके हैं। यानी कुल मिलाकर ईरान जंग में अब तक 25 भारतीयों की मौत हो चुकी है।



## अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अलंकृत

### -शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण, ममूटी और विजय अमृतराज भी हुए सम्मानित



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी-2' में वर्ष 2026 के लिए 65 विशिष्ट हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, प्रसिद्ध गायिका अलका याग्निक, अभिनेता ममूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज प्रमुख रहे।

राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों से नवाजा गया। इस दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने कुल 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री शामिल हैं। इससे पहले मई में आयोजित पहले समारोह में भी 65 लोगों को पद्म सम्मान दिए गए थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के वरिष्ठ आदिवासी नेता शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से यह सम्मान ग्रहण किया। वहीं, लोकप्रिय पार्श्व गायिका अलका याग्निक को भी उनके संगीत क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म सम्मान प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने पी. नारायणन और सेवानिवृत्त न्यायाधीश के. टी. थॉमस को क्रमशः साहित्य एवं शिक्षा तथा जनसेवा के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के प्रोफेसर महेंद्र नाथ रॉय को विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

समारोह की एक विशेषता यह भी रही कि विदेशी नागरिकों को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अमेरिका के चिकित्सक डॉ. दत्तात्रेयुडु नोरी को पद्म भूषण दिया गया, जबकि रूस की ल्यूडमिला खोखलोवा को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जॉर्जिया के व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली को मरणोपरांत खेल क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार कला, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, खेल, समाज सेवा और जनसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल, एकनाथ शिंदे की विपक्ष को चेतावनी- 'अभी और भी झटके लगेंगे'



**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (उबाठा) के लोकसभा सांसदों के टूटने के बाद विधानसभा में दिखी फूट को लेकर मंगलवार को मखौल उड़ाते हुए कहा कि विपक्षी सदस्य 'जोर का झटका' लगने की वजह से अपना 'मानसिक संतुलन' खो बैठे हैं और उन्हें 'और भी झटके' लगने वाले हैं। विधानसभा में आदित्य ठाकरे नीत शिवसेना (उबाठा) और अन्य विपक्षी दलों के विधायकों ने मंत्रियों द्वारा दूसरे विभागों से जुड़े सवालों का जवाब दिये जाने पर आपत्ति जताई और सदन से बहिर्गमन किया, जिसके बाद शिंदे की यह तीखी प्रतिक्रिया आई है।

विपक्ष ने मॉनसून सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा कुछ विभागों की जिम्मेदारी कुछ मंत्रियों को सौंपने पर आपत्ति जताई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के सदस्य जयंत पाटिल ने विधानसभा अध्यक्ष से फैसला वापस लेने की मांग की, जबकि आदित्य ठाकरे ने कहा कि सदन में उठाए गए मुद्दों का जवाब केवल संबंधित विभाग के राज्य मंत्री ही दे सकते हैं। कांग्रेस के नितिन राउत (कांग्रेस) ने कहा कि ऐसी व्यवस्था पहले कभी नहीं देखी गई थी। शिंदे ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है और वह कार्यवाही में रचनात्मक रूप से भाग लेने के बजाय उसमें बाधा डाल रहा है।

उप मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष शिंदे ने कहा, ''सवालों के जवाब देने और 'ध्यानाकर्षण प्रस्तावों'' के लिए मंत्रियों को नियुक्त करने से यह सुनिश्चित हुआ कि सदस्यों को ज्यादा जानकारी मिले। सदन में मौजूद रहना और सदस्यों के सवालों का जवाब देना सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा,'' मैं खुद सदन में आता हूं और मुख्यमंत्री भी खुद आकर जवाब देते हैं। इसलिए, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।''

शिवसेना नेता ने विरोध कर रहे सदस्यों पर तंज कसते हुए कहा, ''जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरा किया जाना चाहिए। आप बस कुछ भी बोलते नहीं रह सकते, बेकार की बातें करके सदन का समय बर्बाद नहीं कर सकते।'' विपक्षी खेमे की खाली कुर्सियों की ओर इशारा करते हुए शिंदे ने कहा कि उन्हें (विपक्ष को) पता नहीं है कि उनके साथ क्या हो रहा है। उन्होंने संभवतः शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसदों के बुधवार को पाला बदलकर शिवसेना में शामिल होने का संदर्भ देते हुए कहा, ''कल उन्हें ज़ोर का झटका लगा। उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उन्हें आगे और भी झटके लगने वाले हैं।

## चार राज्यों में वांटेड कुख्यात सतपाल उर्फ सत्तू यूपी के मुजफ्फरनगर में ढेर

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। देश के चार राज्यों में वांटेड कुख्यात सतपाल उर्फ सत्तू उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस अब उसके माफिया डॉन छोटा राजन गैंग से ताल्लुकात होने की जांच में जुटी है। सत्तू को चार राज्यों पंजाब, यूपी, चंडीगढ़ और दिल्ली पुलिस तलाश कर रही थी। यूपी के मुजफ्फरनगर में कुख्यात बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू के साथ सोमवार देर रात सिविल लाइन थाना पुलिस और एसओजी टीम की मुठभेड़ हो गई, इसी दौरान वो मारा गया। पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि 19 जून को एक नाबालिग युवती का अपहरण कर ले जाने वाला बदमाश क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी को लेकर पुलिस सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रुड़की रोड पर बामनहेड़ी में जब संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने उसकी कार को रुकने का इशारा किया। इसी दौरान खुद को घिरता देख कार सवार बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जब आत्मरक्षा में ज़वाबी फायरिंग की। इसी पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से वो घायल हो गया। इस मुठभेड़ में इस बदमाश की गोली से एक सब इंस्पेक्टर अजय गौड़ और सिपाही अंकित भी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश और दोनों पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से घायल बदमाश की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसमें इलाज के दौरान घायल हुए बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू ने मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू चंडीगढ़ का रहने वाला था। उस पर मुजफ्फरनगर पुलिस ने भी उस पर घोषित कर रखा था। इस शातिर बदमाश सतपाल उर्फ सत्तू की गिरफ्तारी के लिए मुजफ्फरनगर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने 10 टीमों को लगाया था। इस दौरान 1000 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद ये जानकारी जुटाई थी कि ये शातिर बदमाश एक बड़ा क्रिमिनल है, जो पूर्व में 15 साल जेल में बिता चुका है और फरवरी 2026 में ये शातिर लुधियाना जेल से फरार हुआ था।

# राम मंदिर दान विवाद: सलमान खुर्शीद ने सरकार से मांगी जवाबदेही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर कहा कि यह आस्था और जनता के भरोसे से जुड़ा गंभीर मामला है, जिस पर केंद्र सरकार को जवाबदेह होना चाहिए।

कांग्रेस नेता खुर्शीद ने कहा कि उन्होंने राम जन्मभूमि मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया था। उन्होंने कहा, क्या इससे बड़ी कोई त्रासदी हो सकती है? खुर्शीद ने कहा कि यह दान भगवान राम की संपत्ति है और लाखों भक्तों के भरोसे को तोड़ने वालों को सज़ा देकर मंदिर की पवित्रता बनाए रखना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अगर उन्हें भगवान राम में ज़रा भी आस्था है, तब वह सबसे पहले इसतरह के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं करती।

इस विवाद की शुरुआत अयोध्या से पूर्व सपा विधायक पवन पांडे के आरोपों से हुई थी, जिन्होंने दावा किया था कि राम मंदिर के दान से 7 से 7.5 करोड़ का गबन हुआ है। इन गंभीर आरोपों के बाद, श्री राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर, राज्य सरकार ने 14 जून को कथित घोटाले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया।

इस बीच, कथित वित्तीय गड़बड़ियों की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। इस याचिका में एक प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के तहत एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने की मांग की गई है। इसका उद्देश्य ट्रस्ट के कामकाज, वित्तीय कुप्रबंधन, गायब धनराशि और अन्य अनियमितताओं की गहन जांच करना है।

सुप्रीम कोर्ट से दखल की मांग कर याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि संस्थागत ईमानदारी, कानून के शासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रशासन में जनता के भरोसे को बनाए रखने के लिए अदालत का हस्तक्षेप आवश्यक है। याचिका में यह भी कहा गया है कि वर्तमान एसआईटी जांच का दायरा स्पष्ट नहीं है और जांच के शुरुआती चरण सबूतों को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इसमें चेतावनी दी गई है कि किसी भी देरी से अहम सबूतों से छेड़छाड़ हो सकती है और निष्पक्ष जांच में बाधा आ सकती है। अतः, सच्चाई का पता लगाने और जवाबदेही तय करने के लिए एक स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच अनिवार्य है।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पुलिस अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज

### -एसडीपीओ और थानाध्यक्ष समेत कई पुलिसकर्मियों पर केस

### -परिजनों ने न्याय नहीं मिलने पर आत्मदाह की चेतावनी दी



**पटना (एजेंसी)।** भोजपुर जिले के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मामले में जगदीशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), शाहपुर थानाध्यक्ष समेत मुठभेड़ में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ शाहपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इस कार्रवाई के बाद मामले की जांच को नया मोड़ मिल गया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एनकाउंटर को लेकर उठे सवालों और मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले भी इस मामले की विभिन्न स्तरों पर जांच चल रही थी और राज्य सरकार न्यायिक जांच के आदेश दे चुकी है। गौरतलब है कि भरत तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने इसे फर्जी एनकाउंटर बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। इस घटना को लेकर राज्य की राजनीति भी गर्मा गई और विभिन्न राजनीतिक दलों ने मामले की स्वतंत्र जांच की मांग उठाई।

मृतक के भाई चंदन तिवारी ने सरकार की ओर से घोषित न्यायिक जांच पर अविश्वास जताते हुए मीडिया के समक्ष कहा, परिवार को केवल जांच नहीं, बल्कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो पूरा परिवार आत्मदाह करने को मजबूर होगा। वहीं, भरत तिवारी के पिता काशीनाथ तिवारी ने आरोप लगाया कि घटना के समय उनके पुत्र के पास दो मोबाइल फोन थे। पुलिस ने एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल वापस कर दी है, लेकिन दूसरा निजी मोबाइल अब भी पुलिस के कब्जे में है। परिवार का कहना है कि यह मोबाइल मामले की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकता है।

# पाकिस्तान के दावों की पोल खुली: सभी 36 राफेल लड़ाकू विमान सुरक्षित और ऑपरेशनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नभारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने आधिकारिक दस्तावेज जारी कर पाकिस्तान के उन मनगढ़ंत दावों को ध्वस्त किया है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही जा रही थी। इस दस्तावेज़ से पुष्टि होती है कि भारत के पास फ्रांस से खरीदे गए सभी 36 राफेल विमान पूरी तरह से सुरक्षित और ऑपरेशनल हैं। इस तरह भारत के राफेल पर गलतबयानी करने वाले पाकिस्तान को फिर करारा तमाचा लगा है।

एयर मुख्यालय के डायरेक्टरेट ऑफ इंजीनियरिंग (राफेल) द्वारा 15 जून, 2026 को फ्रांस की सैफ्रान एयरक्राफ्ट इंजिन्स को भेज एक ब्रिज सपोर्ट प्रस्ताव (आरएफपी) में बताया गया हैं कि भारतीय वायुसेना 2016 के भारत-फ्रांस सरकारी समझौते के तहत प्राप्त सभी 36 राफेल विमानों का संचालन कर रही है। यह टेंडर सितंबर 2026 के बाद भी इन विमानों के निर्बाध रखरखाव और तकनीकी सहायता की आवश्यकता पर केंद्रित है, विशेषकर अगले पाँच महीनों की अंतरिम अवधि के लिए।

36 राफेल विमानों के पूरे बेड़े के लिए समर्थन पैकेज का यह प्रस्ताव पाकिस्तान के उन झूठे प्रचार को सिरे से खारिज करता है, जिसमें दावा किया रहा था कि भारत के कई राफेल विमानों को मार गिराया गया है। पाकिस्तान सेना और उसके समर्थक ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीन राफेल विमानों के नष्ट होने और यहां तक कि भारतीय महिला पायलट को पकड़ने जैसे बेबुनियाद आरोप लगाए थे। हालांकि, आईएएफ के हालिया दस्तावेज में बेड़े की संख्या में किसी भी कमी का कोई जिक्र नहीं है, बल्कि यह सभी 36 विमानों की निरंतर परिचालन आवश्यकताओं का हिसाब देता है।

दस्तावेजों के अनुसार, सपोर्ट पैकेज का उद्देश्य सभी 36 राफेल विमानों को चालू हालत में बनाए रखना है। इसके तहत प्रत्येक विमान के लिए औसतन सालाना 150 घंटे की उड़ान तय की गई है, जिससे पांच महीने की ब्रिज पीरियड के दौरान कुल 2,250 घंटे की उड़ान का अनुमान है। यह ब्रिज सपोर्ट 18 सितंबर, 2026 के बाद विमानों के संचालन को बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

रक्षा सूत्रों का कहना है कि रखरखाव और समर्थन अनुबंध आम तौर पर ऑपरेटर के पास मौजूद वास्तविक इन्वेंट्री पर आधारित होते हैं, और 36 विमानों के पूरे बेड़े का बार-बार उल्लेख पाकिस्तान के राफेल नुकसान के दावों पर और प्रश्नचिह्न लगाता है। आईएएफ चीफ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहले ही पाकिस्तान के इन दावों को मनोहर कहानियां करार दिया था। वायुसेना के राफेल बेड़े के लिए ये सपोर्ट टेंडर सैफ्रन एयरक्राफ्ट इंजन को भेजा गया है, जो राफेल के एम88 इंजन बनाने वाली मूल कंपनी है। ये 36 राफेल विमान आईएएफ के नंबर 17 स्क्वाड्रन गोल्डन एरोज़ और नंबर 101 स्क्वाड्रन में तैनात हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com